दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 313 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 16 सितंबर 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष दशमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल की दूरी, बदलते बयान और आरोपी गगनप्रीत को जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बीएमडब्ल्यू कांड की मुख्य आरोपी गगनप्रीत कौर को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. सोमवार को गिरफ्तारी के बाद उसको न्यायाधीश के सामने पेश किया गया. उसे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया गया, लेकिन न्यायाधीश तब तक चले गए थे. देर रात उसको उनके घर ले जाया गया. आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा पैरवी कर रहे हैं।

### मॉरीशस के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम चार दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर थे। आज सोमवार को वह लौट गए। सीएम धामी उत्तराखंड से प्रस्थान से पूर्व जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनसे भेंट की। इस अवसर पर उन्हें चारधाम का पावन प्रसाद एवं प्रदेश के अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद स्मृति स्वरूप भेंट किए गए। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की आतिथ्य परंपरा की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यह यात्रा निश्चित ही भारत और मॉरीशस के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ करेगी।

# जीन-जेड प्रदर्शनकारियों ने नेपाली पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा:कहा- हमने कुर्सी पर बैठाया, हटाने में वक्त नहीं लगेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेपाल में Gen-Z प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की।

उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है। इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा,

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं।

पीएम कार्की ने ओमप्रकाश आर्यल को गृह और कानून मंत्री, रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्री और कुलमान घिसिंग को ऊर्जा मंत्री नियुक्त किया है।

36 साल के गुरुंग ने 8 सितंबर को काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। वे हामी नेपाल नाम के NGO के संस्थापक हैं।

2015 में बना यह संगठन आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भूकंप और बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में इसके सदस्य बचाव, भोजन और पानी की व्यवस्था करते रहे हैं।

संगठन ने समय-समय पर छात्रों और प्रवासी नेपाली नागरिकों से जुड़े मुद्दे भी उठाए हैं। इसी साल भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के मामले में भी 'हामी नेपाल' ने खुलकर आवाज उठाई थी और सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा किए थे।

दिलचस्प यह है कि यह संगठन आमतौर पर राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखता है। इसके इंस्टाग्राम पेज पर ज्यादातर मानवीय गतिविधियों की ही झलक मिलती है। ऐसे में काठमांडू विरोध का ऐलान गुरुंग के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

गुरुंग का नाम पहली बार राजनीतिक विवाद में तब आया था, जब उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले पर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि योग्य उम्मीदवारों को नजरअंदाज कर पैसे और राजनीतिक दबाव के जरिए भर्तियां की जा रही हैं। इसी प्रकरण के बाद उन पर जानलेवा हमला भी हुआ था।



# मोदी बोले- कांग्रेस-राजद से बिहार के सम्मान को खतरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद बीते दो दशक से बिहार की सत्ता से बाहर है। इसमें बिहार की माताओं और बहनों की सबसे बड़ी भूमिका है। मैं इसके लिए माताएं एवं बहनों को नमन करता हूं। राजद की सरकार में माताएं-बहनें परेशान थीं। वह डरी हुई थीं। खुलेआम हत्या, बलात्कार होता था। आज डबल इंजन की सरकार में वह लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बन रही है। जीविका दीदी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस को केवल अपने परिवार की चिंता है। यह लोग कभी आपकी चिंता नहीं करेंगे। लेकिन, मोदी के लिए आप ही परिवार हो। इसलिए मोदी कहता है सबका साथ सबका विकास। आने वाले दिनों में कई पर्व और त्योहार आने वाले हैं। इस बार हमारी सरकार ने गरीबों के लिए बहुत बड़ा उपहार दिया है। आज से ठीक हफ्ते बाद नवरात्र का त्योहार आएगा।



और, 22 सितंबर से जीएसटी कम हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिहार, बंगाल और असम के लोग अपनी बहन बेटियों के लिए चिंतित हैं इसलिए मैंने लालकिले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है।

लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्हें बचाने में लगे हैं। बेशर्मी के साथ विदेश से आने वाले घुसपैठियों को बचाने के लिए यह लोग नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। यह लोग बिहार और देश के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं।

### 'राजद की सहयोगी कांग्रेस पार्टी बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही'

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का विकास कांग्रेस और राजद वालों को पच नहीं रहा है। बिहार जब भी आगे बढ़ता है तब यह लोग अपमान करने में जुट जाते हैं। कुछ दिन पहले ही राजद की सहयोगी कांग्रेस पार्टी बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही है। इनलोगों को बिहार से इतनी नफरत है कि इन्होंने बिहार में घोटाले और भ्रष्टाचार करके राज्य की साख को नुकसान पहुंचाई। उन्होंने आगे कहा, 'आप बताइए ऐसी मानसिकता वाले लोग क्या बिहार का भला कर सकते हैं? यह लोग केवल अपनी तिजौरियां भर रहे हैं। ऐसे लोग बिहार का विकास कैसे कर सकते हैं? कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने माना कि कांग्रेस सरकार दिल्ली से चला हुआ 100 पैसा में से 85 पैसा रास्ते में लुट जाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर में वीरों ने दिखाई अनुकरणीय वीरता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं की वीरता और अनुकरणीय भूमिका की सराहना की और जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, सशस्त्र बल न केवल देश की सुरक्षा के प्रहरी हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनका योगदान अतुलनीय है। प्रधानमंत्री ने कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी उपस्थित रहे।

# ग्रुप ए से भारत एशिया कप के सुपर-4 में, दूसरे स्थान के लिए पाक-यूएई में होगी टक्कर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने एशिया कप के सुपर चार चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यूएई ने ग्रुप ए के मैच में ओमान को हराया जिससे भारत आधिकारिक रूप से अगले दौर में पहुंच गया। ग्रुप ए से भारत पहला देश है जो अगले दौर के लिए क्वालिफाई कर गया है। दूसरे स्थान के लिए पाकिस्तान और यूएई के बीच टक्कर होगी। भारत ने एशिया कप में शानदार शुरुआत की है और अपने पहले दो मैच जीते हैं। भारत ने यूएई को नौ विकेट से हराया था, जबकि पाकिस्तान को सात विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। भारत दो मैचों में दो जीत से चार अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है और उसका नेट रन रेट प्लस 4.793 का है। दूसरे स्थान पर पाकिस्तान है जिसने दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक जुटाए हैं और उसका नेट रन रेट प्लस 1.649 का है। यूएई के भी पाकिस्तान की तरह दो अंक हैं, लेकिन उसका नेट रन रेट माइनस 2.030 है।

## राज्यपाल बागडे बोले
# इंदिरा गांधी ने 11 साल में 51 सरकारों को बर्खास्त किया



एजेंसी

**जयपुर।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 11 साल के कार्यकाल में 51 सरकारों को बर्खास्त किया गया था, जो संविधान के अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग था. ये कहना है प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का. विश्व लोकतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित भारतीय युवा संसद के 28वें राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान राज्यपाल ने ये बात कही।

इस दौरान उन्होंने एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि 1952 में हुए पहले चुनाव में भीमराव अंबेडकर 14000 वोट से हार गए थे, जबकि 78000 वोट रिजेक्ट किए गए थे. इसकी जांच भी नहीं हुई, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लेडी माउंटबेटन को पत्र लिखकर बताया था कि बॉम्बे स्टेट में कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली और बाबा साहब को भी दूर कर दिया है। अंबेडकर के चुनाव हारने पर नेहरू ने लिखा था लेडी माउंटबेटन को पत्र : विश्व लोकतंत्र दिवस के अवसर पर शुरू हुई तीन दिवसीय भारतीय युवा संसद का प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुभारंभ किया. यहां तीन दिनों में विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर युवा प्रतिनिधि विचार विमर्श करेंगे इस अधिवेशन में 25 राज्यों के प्रतिनिधि और 15 से अधिक विदेशी युवा पर्यवेक्षक शामिल हो रहे हैं।

इस दौरान अपनी अभिभाषण में राज्यपाल ने इतिहास से जुड़े कई अनकहे पहलुओं को युवाओं के बीच रखा. उन्होंने बताया कि 1952 में हुए पहले इलेक्शन में बाबा साहब अंबेडकर मुंबई में इलेक्शन लड़ रहे थे। जिसमें वो 14000 वोट से हार गए थे।

## पिछले सालों में बने स्कूलों के जर्जर होने की जांच-होगी
# सीएम बोले- विद्यार्थी देश का भविष्य उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता



एजेंसी

**जयपुर।** पिछले कुछ सालों में बने स्कूल भवन अगर जर्जर हो गए हैं तो उनके निर्माण कार्यों की रिपोर्ट मंगवाकर जांच की जाएगी। इसके निर्देश सीएम भजनलाल शर्मा ने दिए। सीएम भजनलाल शर्मा आज मुख्यमंत्री कार्यालय पर स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग की बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे।

इस दौरान सीएम ने कहा- विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य हैं, इनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने गुणवत्ता के उच्चतम मापदंडों का पालन करते हुए स्कूलों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा- पिछले कुछ सालों में निर्मित शैक्षणिक संस्थानों के जीर्ण-क्षीर्ण और जर्जर होने पर उनके निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मंगवाकर जांच करवाई जाए। साथ ही, निर्मित होने वाले भवनों एवं मरम्मत कार्यों के खर्चों की मॉनिटरिंग की जाए।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्टूडेंट की संख्या के अनुरूप कक्षा निर्माण एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करें। साथ ही, विशेष योग्यजन विद्यार्थियों की पर्याप्त संख्या होने पर व्हीलचेयर की सुविधा भी प्रदान की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने भामाशाह और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित कर इन कार्यों के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत दुर्लभ प्रजातियों के रिकॉर्ड पौधे लगाने पर वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड ऑफ लंदन का सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर रोक की मांग सुप्रीम कोर्ट में खारिज



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर पर सोमवार को सुनवाई के दौरान साफ किया कि चुनाव आयोग वैसे तो एक संवैधानिक संस्था है और वह अपना काम तय कानूनी प्रक्रियाओं के तहत ही करती है। बावजूद इसके आयोग की ओर से बिहार एसआईआर को लेकर कानूनी रूप से किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी की गई होगी तो वह किसी भी स्तर पर इसे रद कर देगा। कोर्ट ने इसके साथ ही बिहार सहित देश भर में शुरु होने वाले एसआईआर पर रोक की मांग को भी खारिज कर दिया और कहा कि एसआईआर एक चुनावी प्रक्रिया है वे इस पर रोक नहीं लगा सकते है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत और जोयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर पर सुनवाई के दौरान यह अहम टिप्पणी तब की, जब याचिकाकर्ताओं की ओर से यह कहा गया कि आयोग मनमानी तरीके से राज्य में एसआईआर को पूरा कर रहा है, 30 सितंबर को वह अपनी अंतिम मतदाता सूची भी प्रकाशित कर देगा। ऐसे में कोर्ट को दखल देते हुए गलत तरीके से किए जा रहे इस एसआईआर पर रोक लगानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि वे सभी निश्चंत रहे। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से हम पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा? अगर इसमें किसी तरह की कोई कानूनी गड़बड़ी मिलती है, तो हम इसे रद कर सकते हैं। कोर्ट के इसके साथ ही बिहार एसआईआर मामले की अगली सुनवाई के लिए अब सात अक्टूबर की तारीख तय की है।

कोर्ट इस दौरान यह भी साफ किया कि बिहार एसआईआर को लेकर दिए गए उनके निर्देश देश भर में होने वाले एसआईआर पर लागू होगा।

## साधना शर्मा पावटा एसडीएम, कपिल कुमार उपाध्याय का हुआ तबादला

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)**। राज्य सरकार के स्थानांतरण आदेश के तहत पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर साधना शर्मा को पावटा उपखंड अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। साधना शर्मा इससे पहले धौलपुर में एसडीएम पद पर कार्यरत थीं। वहीं, कपिल कुमार उपाध्याय को धौलपुर एसडीएम के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस तबादले के साथ पावटा को नई उपखंड अधिकारी मिल गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, साधना शर्मा अपनी नई जिम्मेदारी में पावटा के विकास और प्रशासनिक कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा और कार्यकुशलता आने की उम्मीद है।

## अणुव्रत समिति उदयपुर को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। अणुव्रत विश्व भारती द्वारा अहमदाबाद में आयोजित 76वें अधिवेशन में अणुव्रत समिति उदयपुर को किए गए कार्यों के लिए राष्ट्रीय नगर समिति के स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उदयपुर समिति के प्रयासों और समर्पण को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। अधिवेशन में समिति की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा, मंत्री लक्ष्मी कोठारी, कोषाध्यक्ष मधु सुराणा, क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट की संयोजक नीता खोखावत, मंजू इटोदिया, अलंका सुराणा, हेमलता नागौरी सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। समिति को अणुव्रत वाटिका के लिए भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इस आयोजन में देशभर से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। अणुव्रत समिति उदयपुर को स्मृतिचिन्ह और बैनर देकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन का आयोजन आचार्य श्री महाश्रमण जी के सानिध्य में किया गया।

## सर्व समाज सहायता टीम ने पीड़ित परिवार को दी 51,000 रुपये की सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)**। सर्व समाज सहायता टीम करौली के सदस्य करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिलते ही टीम ने हस्तक्षेप किया। जानकारी मिली थी कि गांव बरगमा निवासी लच्छी जाटव के दो पुत्र, सुनील (13 वर्ष) और मनीष (11 वर्ष), 10 अगस्त 2025 को मिठाई खाने से मृत्यु हो गए। सर्व समाज सहायता टीम ने 51,000 रुपये की राशि एकत्रित कर पीड़ित परिवार को प्रदान की। टीम पिछले तीन वर्षों से लगातार समाज सेवा में सक्रिय रही है। पूर्व में टीम ने 11 अनाथ बच्चों की शादी में सहयोग किया, तीन अग्नि पीड़ित परिवारों, दो दुर्घटना पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद दी और चार अनाथ बच्चों के लिए एक पक्का मकान भी बनवाया। इस अवसर पर राजवीर चौधरी, गौरव जाट, मन्नू चौधरी, सत्यवीर सिंह चौधरी, धर्मवीर चौधरी, रामोतार चौधरी, धर्मसिंह जाटव, लच्छी जाटव, भीम सिंह जाटव और करतार सिंह चौधरी धंधावली सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तम को एसआई से सीआई पद पर प्रमोशन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)**। शहर यातायात प्रभारी पुरुषोत्तम चौधरी का राजस्थान पुलिस में एसआई से सीआई के पद पर प्रमोशन हुआ, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। चौधरी के पदोन्नति के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला और साफा पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर क्षेत्रीय संवाददाता अजीम खान चिनायटा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से चौधरी को शुभकामनाएं प्रेषित की। पुरुषोत्तम चौधरी का यह प्रमोशन उनकी कड़ी मेहनत, निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। हिंडौन यातायात प्रभारी के रूप में उनका कार्यकाल हमेशा प्रशंसनीय रहा है और इस नई जिम्मेदारी में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## राज्यस्तरीय एसआरजी संगोष्ठी और वार्ता सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)**। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान के तत्वावधान में 8 से 13 सितंबर 2025 तक महार्षि दयानन्द विश्रांति गृह, अजमेर में राज्यस्तरीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित आधारित (एसआरजी) आवासीय संगोष्ठी एवं वार्ता का सफल आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी ने शिक्षा जगत में नवाचार और गतिविधि-आधारित शिक्षण को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. रणवीर सिंह, संयुक्त निदेशक एवं प्राचार्य राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान, अजमेर, ओमप्रकाश जिला शिक्षा अधिकारी तथा राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान अजमेर के सभी पदाधिकारी एवं कार्मिकगण ने मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रदेशभर से आए एसआरजी सदस्य और केआरपी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। करौली जिले से सुरेश चन्द योगी, व्याख्याता एमजीजीएस, हिंडौन और भूर सिंह मीना, व्याख्याता पीएमश्री राउमावि, करौली ने अपनी सक्रिय भूमिका से जिले का नाम रोशन किया। छह दिवसीय आयोजन में प्रतिभागियों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षण की नवीन तकनीकों, प्रयोगों, डिजिटल उपकरणों और गतिविधि-आधारित पद्धतियों का अभ्यास किया। छाया से कोणीय गणना, ऊँचाई मापन, त्रिकोणमिति आधारित प्रयोग जैसी गतिविधियों ने शिक्षण को सरल और प्रभावी बनाने में योगदान दिया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि अब वे अपने-अपने जिलों में प्रशिक्षण का विस्तार करेंगे, ताकि विद्यार्थी व्यवहारिक और प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान और गणित को रोचक ढंग से सीख सकें। सभी प्रतिभागियों ने संगोष्ठी को प्रेरणा और नवाचार का जीवंत मंच बताया, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए।

## डीजीपी ने किया ब्यावर सदर थाने का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। राजस्थान के महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने सोमवार पुलिस थाना ब्यावर सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डीजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न कक्षों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया व वृक्षारोपण भी किया।बैठक में डीजीपी ने निर्देश दिए कि 10 वर्ष से कम सजा वाले प्रकरणों का निस्तारण 60 दिनों और 10 वर्ष से अधिक सजा वाले प्रकरणों का निस्तारण 90 दिनों में किया जाए। युवाओं को पुलिस कार्यप्रणाली से जोडऩे, स्कूल-कॉलेजों में नए कानूनों व साइबर जागरूकता की जानकारी देने तथा प्रत्येक थाने में वॉलीबॉल मैदान बनाकर पुलिस-जन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर बल दिया।उन्होंने परिवादियों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार कर राजकॉम सिटीजन ऐप से शिकायत दर्ज करवाने और सडक़ सुरक्षा के लिए हाईवे पर लेन सिस्टम व यातायात संकेत बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। थाना परिसर की स्वच्छता और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने को भी कहा।

### आबूरोड में राष्ट्रीय राजनीतिज्ञ सम्मेलन का समापन, सम्मेलन में कई राज्यों के राजनीतिज्ञों ने की शिरकत

# लोकतंत्र में जनता ही सर्वोच्च है: देवनानी

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही(नि.स.)**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को ही परम धर्म बताया गया है। जनता की सेवा का भाव रखकर राजनीति में आने से ही जनता का भला हो सकेगा। वे आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय राजनीतिज्ञ सम्मेलन के समापन समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमें खुद के लिए शासक और जनता के लिए सेवक बनना चाहिए। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोच्च रहती है। जनता की सेवा करने का भाव व्यक्ति में नई ऊर्जा का संचार करता है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि राजनेता को सेवक का भाव रखना चाहिए। इस भाव को समझने पर हर जगह सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। जीवन और विचार पानी की तरह है, जिस तरह ढालना चाहो वैसा ढल जाता है। सांसद लुम्बाराम चौधरी, स्थानीय विधायक समाराम गरासिया ने भी विचार व्यक्त किए।

**जीवन की अनमोल सीख मिली:** कार्यक्र में मध्यप्रदेश के सूचनेर विधायक भैरोंसिंह परिहार ने कहा कि ब्रह्माकुमारी के सेवा केंद्र से जो सीख मिली वह जीवन के लिए अनमोल धरोहर बन गई। मप्र के कोलारस से विधायक महेंद्र रामसिंह यादव, दिल्ली बदरपुर के पूर्व विधायक नारायणदत्त शर्मा ने भी राजनीति व सेवा पर प्रकाश डाला।

### इंद्रियों के शासक बन कर शासन करें

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहीं राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक बीके उषा दीदी ने आह्वान किया कि हमें अपनी सूक्ष्म और स्थूल इंद्रियों के शासक बन कर शासन करना चाहिए। इससे हमारा जीवन श्रेष्ठ और प्रभावशाली बनेगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान की बीके लक्ष्मी दीदी और गुरुग्राम ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका बीके आशा दीदी, मप्र से राजनीतिज्ञ राजू पाठक ने, बीके सपना दीदी ने विचार व्यक्त किए। बीके कृष्णा भाई व कुमारी खुशी विश्वकर्मा ने गीत प्रस्तुत किया।

## पीएम मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा, तैयारियों को लेकर कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल))**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता सेवा के संकल्प के साथ आमजन के बीच जाकर विभिन्न सेवा कार्य करेंगे। सेवा पखवाड़े की तैयारियों के लिए महरोज मोड़ राजमार्ग स्थित पंसारी होटल में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी के सेवा संकल्प के साथ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचकर सेवा कार्य करेंगे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने बताया कि पीएम मोदी ने हमेशा सेवा को ही संगठन का आधार मानते हुए कार्य किया है। कार्यशाला में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, नमो मैराथन, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि, वृक्षारोपण, बूथ कार्यकर्ता बैठक और कार्यकर्ता के घर भोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह, शाहपुरा प्रभारी उपेन यादव समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह व जयराम सिंह गुर्जर, शाहपुरा से रत्ना कुमारी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, युवा नेता मुजिफ खान, वसिम खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## खुशबू सैनी को हिंदी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर राज्यस्तरीय सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल))**। कोटपूतली-बहरोड़ जिला क्षेत्र के ग्राम भांकरी निवासी खुशबू सैनी को कक्षा 12वीं में हिंदी विषय में शत प्रतिशत अंक अर्जित करने पर राजस्थान सरकार के भाषा विभाग की ओर से राज्यस्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया और छात्रा का हौसला अफजाई की।

श्री श्याम पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत खुशबू सैनी ने व्याकरण और साहित्य में गहन अध्ययन कर अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि हिंदी विषय में उत्कृष्टता पाने के लिए निरंतर अभ्यास और समर्पण आवश्यक होता है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के साथ शासन सचिव (कार्मिक विभाग) के.के. पाठक, शासन सचिव (स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग) कृष्ण कुणाल, अनुपमा जोरवाल, मनीष गोयल और तकनीकी विशेषज्ञ बालेंदु शर्मा दाधीच उपस्थित रहे। समारोह में हिंदी भाषा के महत्व और लेखन के योगदान को रेखांकित किया गया।

खुशबू सैनी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार को गर्व है, बल्कि पूरे जिले में भी खुशी की लहर दौड़ गई। उनके पिता सीताराम सैनी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि खुशबू आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती रहेंगी और हिंदी भाषा को गौरवान्वित करेंगी।

## अग्रवाल समाज की आम सभा में बैठक आयोजित, प्रधान कलश की बोली लगी

बढ़ता राजस्थान



**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)**। अग्रवाल धर्मशाला कटरा में अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी की आम सभा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभा की अध्यक्षता सुरेंद्र मोहन मित्तल और समाज अध्यक्ष सतेन्द्र आर्य ने की। बैठक में समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल लांगरा और पूर्व मंडी अध्यक्ष रामगोपाल खाना समेत अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में वक्ताओं ने सामाजिक एकता और समाज सेवा पर जोर दिया। प्रधान कलश की बोली समाज के श्रीमती भावना जैतवाल, हेमलता पत्नी मुकेश खंडिप और श्रीमती सुबोध पत्नी मनोहर लाल ने लगाई। अंतिम बोली श्रीमती सुबोध के पति, धर्मशाला ट्रस्ट के महामंत्री मनोहर लाल के नाम रही। अध्यक्षों ने मौके पर ही प्रधान कलश को मनोहर लाल को सुपुर्द किया।

इस प्रधान कलश को 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर महिलाओं के साथ धूमधाम से जुलूस में ले जाया जाएगा, जिसमें श्रीमती सुबोध अग्रिम पंक्ति में चलेंगी। बैठक का संचालन समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने किया।

बैठक में मुकेश जैतवाल, जगदीश गुप्ता, रामचरण चुरारी, राजेंद्र गुप्ता, अजय कुमार, मूलचंद, चतुर्भुज टी आर, दौलतराम गर्ग, अशोक कुमार, ललित जैतवाल, सतीश गोयल, बनवारी धोलेटा, धर्मेंद्र कुमार, योगेश गुप्ता, पवन कुमार, अरुण गुप्ता, देवेंद्र जिंदल, गोपाल राम गर्ग, उमेश मित्तल, अरविंद कुमार, मनीष गुप्ता, रमेश अग्रवाल समेत सैकड़ों अग्र बंधु उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)**। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेमचंद सैनी ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी न केवल भारत की पहचान है, बल्कि देश के गौरव को भी बढ़ाने वाली प्रतिष्ठित भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मातृभाषा को व्यावहारिक रूप से अपनाने और उसका प्रचार करने के लिए प्रेरित किया। हिंदी शिक्षक राजकुमार मीणा ने कहा कि मातृभाषा से ही संपूर्ण मौलिक चिंतन और सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है।

### मधु सरीन, शरद राठौड़, शकुंतला पोरवाल और रजनी शर्मा ने उठाया बीड़ा

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ महिलाओं ने जुटायी सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। कहा जाता है कि समाज सेवा करने का यदि आपका उद्देश्य सही हो तो उस राह पर अकेले चलते रहने के बावजूद कारवां जुटता चला जाता है और ऐसा ही कुछ समाज सेविकाओं विशेष रूप से मधु सरीन, शरद राठौड़,शकुन्तला पोरवाल व रजनी शर्मा के साथ हुआ।

पंजाब में आयी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिये आवश्यक सामग्री की सूची पंजाब से मंगवायी और उसी के अनुसार कुछ सामग्री एकत्रित की। जिसका अन्य महिलाओं व स्वयं सेवी संस्थाओं को पता चला तो वे भी इस मानव सहायता के लिये आगे गयी और देखते ही देखते हजारों की संख्या में सामग्री एकत्रित हो गयी और आज उस सामग्री को बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ सिख समाज समिति उदयपुर को प्रदान कर उसे पंजाब के लिये रवाना किया गया। मधु सरीन ने बताया कि इस श्रृंखला में आज बाढ़ पीड़ितों के लिये 1000 कम्बलें, 700 बेडशीट,500 सेनेटरी पेड के पैकेट,200 पैकेट कॉटन रोल,मच्छर मारने के 50 डिब्बे, केलामाइन लोशन की 200 बोटल,एन्टीसेप्टिक सोल्यूशन के 10 डिब्बे,,पेन रिलिफ स्प्रे झेल के 10 डिब्बे एवं बीटाडीन की बोटल के 10 डिब्बे वहां भेजे गये। उन्होंने बताया कि इस समाज सेवा कार्य में इनरव्हील क्लब की चन्द्रकला कोठारी,बबीता जैन, ?स्काई मरीना सोसाइटी से लता कर्णावट, प्रतीक्षा कोठारी, शाहिदा , कृति माथुर ,?छवि मेनारिया , रोटरी क्लब वसुधा रजनी शर्मा, संगीता तातेड़, ?रोटरी क्लब मीरा, ?सूर्यांश संस्था से राजकुमारी गांधी और रुबीना,रोटरी क्लब एलीट से रमेश मोदी, रोटरी क्लब अचीवर्स,जितेन्द्र बहल ,उर्मिला जैन , देविका सिंघवी , प्रीति सोगानी , नीलम दुबे ,पूनम लाडिय़ा, कुसुम मेहता, कूकू लिखारी, संगीता मुंदड़ा ,स्नेहा शर्मा ,कविता श्रीवास्तव, हरमन सिंह,जीवन सूत्र क्लब,ईडन कोर्ट अपार्टमेंट से शाहिदा शौकत,रेखा सोनी ,कविता बल्दवा , बृजराज राठौड़, तरुणा माथुर , अमृता , कुसुम माथुर और रामपुरा का संस्कृत विद्यालय, रघुनाथपुरा का संस्कृत विद्यालय ने सहयोग किया। इस सामग्री को भेजते समय वहां उपस्थित महिलाओं का उत्साह चरम पर था। उनके चेहरे पर बाढ़ पीढ़ितों की सहायतार्थ आत्मविश्वास एवं सुकून झलक रहा था।



# रींगस कस्बे में युवाओं ने बढ़कर चढ़कर रक्तदान शिविर में लिया हिस्सा



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस कस्बे के एन एच 52 पर स्थित चाणक्य पीजी महाविद्यालय व हर्षिता मेडिकल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ । शिविर के मुख्य अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील ने शिविर का शुभारंभ किया। संस्था निदेशक विकास बधाला व हर्षिता मेडिकल संचालक राकेश बाजिया ने बताया कि जयपुर कि टिम ने शिविर में कुल 122 युनिट रक्त संग्रहण किया । बधाला ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया इस दौरान विशिष्ट अतिथि हरिश काजला बालेन्द शेखावत प्रकाश बाजिया पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र बावलिया राकेश बाजिया राजेश कुड़ी मुकेश कुमार हरितवाल दिनेश कुमार कुड़ी फुलचंद बाजिया ओमप्रकाश यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# रींगस थाना का हेड कांस्टेबल लालचंद का हुआ निधन



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस पुलिस थाने में सात माह से हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत लालचंद (40) पुत्र गोकुलचंद का बीमारी के चलते निधन हो गया लालचंद ने जयपुर के एस आर कला मेमोरियल अस्पताल में रविवार को देर रात अंतिम सांस ली। जिसके बाद सोमवार को रींगस थाने में थाना अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में राजकीय सम्मान के साथ नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। जिसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव सीलपुर थोई के लिए विदा किया गया ।

# डॉ. पुष्कर राज गुर्जर होगें राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के नये पीएमओ



**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) तथा पंचायती राज (चिकित्सा) विभाग निशा मीणा ने यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में कार्यरत कनिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र रोग) डॉ. पुष्कर राज गुर्जर को चिकित्सालय का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) नियुक्त किया है।

### विभिन्न पुलिस थानों का सघन ट्रैफिक जांच अभियान

# 3 लाख रूपये से अधिक के किये चालान

**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता और नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के उद्देश्य से डीएसपी राजेन्द्र बूरडक़ के निर्देशन में क्षेत्र के विभिन्न थानों ने सघन ट्रैफिक जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत डीएसपी राजेन्द्र बूरडक़ के नेतृत्व में सख्त कार्यवाही की गई। इस दौरान तीन पुलिस थानों ने मिलकर 03 लाख रूपये से अधिक के चालान किये। अभियान के दौरान सरुण्ड थाना ने 83 हजार 500 रूपये, पनियाला थाना ने 71 हजार रूपये एवं कोटपूतली थाना ने लगभग 01 लाख 25 हजार रूपये की राशि के चालान काटे। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनना, बिना लाईसेंस वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, ट्रिपल सवारी, तेज गति व अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों को प्रमुखता से चिह्नित किया गया। डीएसपी राजेन्द्र बूरडक ने बताया कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जेडीए का शहरी सेवा शिविर- 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री महोदय श्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा ये शिविर अनुमोदित योजनाओं/कॉलोनियों की जन समस्याओं के निराकरण और जेडीए की विभिन्न सेवाओं की समयबद्ध अदायगी हेतु लगाये जा रहे है।

**आयोजित शिविरों में होने वाले मुख्य कार्य :** - अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, उप विभाजन—पुनर्गठन/भू—उपयोग परिवर्तन/ नामान्तरण/लीज मुक्ति प्रमाण पत्र/भवन निर्माण स्वीकृति आदि प्रकरणों के निस्तारण का कार्य

- लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे जारी करना
- ओ.एफ.सी., मोबाइल टावर, एन.ओ.सी. और रोड कट जैसी अनुमतियां प्रदान करना
- राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधियो और नगरीय निकायों द्वारा निर्धारित अन्य कार्य

शिविर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2025 तक, सुबह 9:30 बजे से शाम 6.00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

प्रत्येक जोन के लिए तिथियाँ अलग-अलग निर्धारित की गई हैं जिससे सभी नागरिक अपनी सुविधानुसार शिविर का लाभ उठा सकेंगे।

# झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले शातिर बदमाश को धर-दबोचा एक अन्य साथी मौके से फरार

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर।** रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले एक शातिर बदमाश को धर-दबोचा है और वहीं एक उसका साथी फरार हो गया है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन सहित छीना गया एक मोबाइल भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर में आने वाले हर व्यक्ति को तुरंत राहत प्रदान करें : कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिये मौसमी बीमारियों, परिवादों के निस्तारण सहित आधारभूत आवश्यकतओं के संबंध में निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितंबर से शुरू हो रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में आने वाले व्यक्तियों को नियमानुसार तत्काल राहत दी जायें। संबंधित विभागों के अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिये कि जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ एवं राजस्व सम्बन्धी अपने काम लेकर शिविर में आये वह निराश नहीं हो। उन्होंने कहा कि शिविरों में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जायें। सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण जनता को पात्रता के अनुसार योजनाओं के लाभ शिविर के दौरान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिविर का समय प्रातः 09.30 बजे से शाम 06 बजे तक रहेगा। शिविर समाप्ति यानी 06 बजे तक कुछ कार्य अपूर्ण या लंबित रहे तो कार्यों को पूर्ण करने के उपरांत ही शिविर का समापन किया जायें। साथ ही शिविर प्रभारी यह भी सुनिश्चित करें की शिविर शुरू होने से शिविर की समाप्ति तक अभियान से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें, ताकि जनता को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि शिविरों की जिला स्तर पर प्रगति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु स्थापित कंट्रोल रूम से संपर्क रखें एवं प्रतिदिन शिविर समाप्ति पर पोर्टल पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, बिजली तारों एवं खंभों आदि में सुधार, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किये जायेंगे। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर सख्ती दिखाते हुये समयबद्ध निस्तारण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर बेहतर ईलाज मुहैया कराने को कहा। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ सुशीला मीणा, डीएसओ शशि शेखर शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** आयुर्वेद दिवस 2025 की थीम 'आयुर्वेद जन-जन के लिए एवं पृथ्वी के कल्याण के लिए' के तहत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने ग्राम पंचायत समिति जालसू एवं वेदांत महाविद्यालय मुकुंदपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर दिनांक 15 सितंबर 2025, सोमवार को आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 600 रोगियों ने लाभ लिया।

शिविर का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग द्वारा किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनता को आयुर्वेदिक उपचार एवं परामर्श प्रदान करना था ताकि वे प्राकृतिक और सुरक्षित चिकित्सा पद्धतियों से स्वास्थ्य लाभ उठा सकें। इस अवसर पर रोगियों को न केवल परामर्श दिया गया बल्कि आवश्यक औषधियां भी निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रोफेसर मोहरपाल मीना, डॉ. रीतेश रामनानी, डॉ. सुभाष यादव सहित विभाग के पीएचडी एवं पीजी शोधार्थी और अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से रोगियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और उन्हें उपयुक्त उपचार का सुझाव दिया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ आयुर्वेद के प्राचीन और वैज्ञानिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में शामिल लोगों ने इस सेवा को अत्यंत लाभकारी बताया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं।

# देवसेना के राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त राकेश कुमार प्रजापति

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्र व हिंदू धर्म के प्रति समर्पित देवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राकेश कुमार प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की है। देवसेना द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अभी हाल ही में तीन दिवसीय जयपुर दौरे के दौरान जल महल के पास स्थित होटल लेक पैलेस में एक साधारण सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी ने देशभक्त, न्याय प्रिय व समाजसेवी राकेश कुमार प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेवारी देवसेना शस्त्र,दुपट्टा, व पगड़ी पहना कर प्रदान की गई। देवसेना कार्यालय ने इस नियुक्ति की सूचना भारत के प्रधानमंत्री से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री व जिला समेत समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को दी जा चुकी है यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मौके पर हवा महल विधानसभा के विधायक बालमुकुंद आचार्य से मुलाकात के अलावा अन्य प्रमुख लोगों से भी संपर्क किया तथा देवसेना के उद्देश्य से अवगत कराया।

# एआई तकनीक मददगारः कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए डमी कैंडिडेट को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एआई तकनीक की मदद से राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बायोमेट्रिक जांच में सामने आया कि युवक जून-2025 में डीएलएड परीक्षा के दौरान दूसरे व्यक्ति की जगह परीक्षा दे चुका है। हरमाड़ा थाना पुलिस मेन कैंडिडेट और डमी कैंडिडेट को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि एआई तकनीक की मदद से हरमाडा थाना पुलिस ने राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट 26 वर्षीय समुन्द्र सिंह निवासी मनिया जिला धौलपुर हाल मानसरोवर जयपुर को पकड़ा है। जोसेफ ने बताया कि बायोमेट्रिक जांच के दौरान मिलान में नाम अलग पाया गया। जांच में पता चला कि आरोपित समुंद्र सिंह डीएलएड एग्जाम में विकास की जगह बैठा था। समुद्र सिंह ने विकास बनकर बायोमेट्रिक का उपयोग कर पेपर दिया था। इस पर पुलिस ने विकास को भी पकड़ लिया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने के चलते दोनों आरोपियों के खिलाफ जीरो नंबर एफआईआर काटकर गांधी नगर थाने भेजी गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने कहा एआई को बायोमेट्रिक से कनेक्ट किया गया है।

# 'अकादमिक एवं क्लीनिकल कार्यों में आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है'

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में क्रिया शारीरिक शिक्षकों के लिए छह दिवसीय कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे देश के लगभग 16 राज्यों से 30 प्रतिभागी शामिल हुए, जो अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। यह कार्यक्रम शिक्षण, प्रशिक्षण, क्लीनिकल और रिसर्च के गुणों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र का आयोजन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय टेक्नोलॉजी का युग है, और सभी शिक्षकों को अपने अकादमिक एवं क्लीनिकल कार्यों में आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल पारंपरिक ज्ञान पर निर्भर रहना अब संभव नहीं, बल्कि नवाचार और तकनीक के माध्यम से आयुर्वेद को नए आयाम देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर महेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि यह कार्यक्रम ज्ञान और अनुभव साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपने अनुभव एवं विचारों को साझा करें ताकि सभी को अधिक से अधिक सीखने का अवसर मिल सके। क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सी.आर.यादव ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल शैक्षणिक पक्ष का ही अध्ययन नहीं करेगा।

### सुपोषित भारत अभियान का शुभारंभ

# सेवा भारती समिति द्वारा कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दिए स्वास्थ्यवर्धक आहार व दिनचर्या के सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सेवा भारती समिति जयपुर प्रांत के तत्वावधान में सोमवार को बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर कोटपूतली में सुपोषित भारत अभियान का पोस्टर विमोचन एवं उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के पदाधिकारियों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में किया गया।

सेवा भारती सह जिला मंत्री बीना सोनी ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक आयामों में विभिन्न सेवा गतिविधियां संचालित कर रही है। इनमें बाल संस्कार केंद्र, महिला सिलाई केंद्र, दीपक व लड़ी निर्माण, सर्वजातीय सामूहिक विवाह, कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं। सेवा भारती जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख भूपेंद्र सोनी ने कहा कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए सेवा भारती ने सुपोषित भारत अभियान को हाथ में लिया है और यह कार्यक्रम पूरे भारत में संचालित हो रहा है। उन्होंने आहार, विहार, विचार और आचरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संतुलित भोजन व स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आहार में गुड़, दूध, दही और आटे का उपयोग, दालों का सेवन तथा नियमित व्यायाम, खेलकूद और नशामुक्त जीवन शैली अपनाने से आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सुपोषित बन सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद माली ने की। इस अवसर पर जिला मंत्री महेश चंद सैनी, जिला प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक, सदस्य सुभाष गुप्ता, मंजू मीणा, सुरेश मीणा, अध्यापक नाथूराम जाट, गढ़शीराम गुर्जर, नरेश कुमार सैनी, राजेश कुमार आर्य, ललित कुमार सेन, अजय, सरला देवी, सीमा सेन, ममता, मनीषा देवी, निकिता यादव, पूनम शेखावत, गजल सेहरा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# देशव्यापी एसआईआर, पारदर्शिता जरूरी




यह अच्छा है कि चुनाव आयोग बिहार के बाद देश भर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर रहा है। चुनाव आयोग की ओर से मिले संकेतों के अनुसार वह अगले माह से मतदाता सूचियों के सत्यापन का देशव्यापी अभियान चला सकता है। जो भी हो, आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए, भले ही इसमें कुछ विलंब हो। बिहार के अनुभव ने इस आवश्यकता पर और अधिक बल दिया है कि पूरे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन होना चाहिए। सच तो यह है कि यह कार्य एक निश्चित अंतराल के बाद होते ही रहना चाहिए। यह ठीक नहीं कि बिहार में 2003 के बाद अब जाकर मतदाता सूची के सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। चुनाव आयोग को देशव्यापी एसआइआर करते समय इसके लिए भी तैयार रहना होगा कि उसे विपक्षी दलों और साथ ही स्वयं को लोकतंत्र का स्वयंभू पैरोकार बताने वाले लोगों के विरोध और दुष्प्रचार का सामना करना पड़ सकता है।

इसका अंदेशा इसलिए है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया को हरी झंडी दिखाए जाने के बावजूद विपक्षी दल अपने बेजा विरोध से बाज नहीं आ रहे हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी मतदाता सूची के सत्यापन की संभावित प्रक्रिया के खिलाफ खड़ी हो गई हैं।

इस राज्य में चुनाव आयोग को एसआइआर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सत्तारूढ़ दल के असहयोग के साथ अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। एक बड़ी चुनौती उन दस्तावेजों के सत्यापन की हो सकती है, जिनके आधार पर कोई अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए दस्तावेजों में आधार को भी शामिल कर लिया है और यह किसी से छिपा नहीं कि बंगाल में सर्वाधिक नकली अथवा फर्जी दस्तावेजों के सहारे आधार से लैस लोगों की संख्या सबसे अधिक होने की आशंका है। यह कोई हैरानी की बात नहीं कि बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए लोगों ने मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार और अन्य अनेक वे दस्तावेज हासिल कर लिए हैं, जिनसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है और साथ ही खुद को भारतीय नागरिक बताया जा सकता है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि अभारतीय नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा गलत जानकारी के आधार पर भारतीय नागरिक होने के पहचान पत्र हासिल कर लें और अंततः मतदाता भी बन जाएं। ऐसे लोग केवल भारतीय लोकतंत्र के साथ छल करने वाले ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकते हैं। कोई भी चुनाव हो, उसमें मतदान करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिलना चाहिए।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 16 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1810 - निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया।
- 1821 - मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1908 - जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
- 1947 - टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
- 1975 - केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- 1975 - पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1978 - जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 2003 - भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।
- 2007 - पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लडने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।
- 2007 - वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
- 2008 - भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2009 - दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।
- 2013 - वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।
- 2014 - इस्लामिक स्टेट ने सीरियाई कुर्दिश लड़ाकों के खिलाफ युद्ध छेड़ा।
- 16 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1981 - गीता रानी - भारत की महिला भारोत्तोलक हैं।
- 1880 - अलफ्रेड नॉयस- ब्रिटिश लेखक, कवि और नाटककार।
- 1882 - बलवंत सिंह- स्वतंत्रता सेनानी।
- 1916 - एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी- प्रसिद्ध भारतीय गायिका और अभिनेत्री।

विशेष आलेख

# विश्व ओजोन दिवसः ओजोन परतः जीवन की ढाल और उसके संरक्षण का संकल्प



ललित गर्ग




जो परत पृथ्वी पर मानव जीवन की ढाल है, क्योंकि यह समताप मंडलीय परत पृथ्वी को सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है। सूर्य के प्रकाश के बिना मानव, प्रकृति एवं जीव-जंतुओं का जीवन को संभव नहीं है, लेकिन सूर्य की सीधी किरणें मानव के लिये हानिकारक भी है, इन हानिकारक किरणों से ओज़ोन परत ही रक्षा करती है, जीवन को संभव बनाती है। धरती पर बढ़ रही पर्यावरण विनाश की गतिविधियों के कारण ओजोन परत का क्षरण होने लगा, जब 1970 के दशक के अंत में वैज्ञानिकों को पता चला कि मानव निर्मित प्रकृति दोहन इस सुरक्षा कवच में छेद कर रही है, तो उन्होंने चिंता जताई। ओजोन परत में यह छेद दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जो रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एयरोसोल और शीतलन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली ओज़ोन-क्षयकारी गैसों (ओडीएस) के कारण हो रहा था, जिससे त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के मामलों में वृद्धि और पौधों, फसलों और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाने का खतरा पैदा कर रहा था। ओजोन परत का क्षरण एक गंभीर खतरा एवं चुनौती के रूप में सामने आया। इसलिये वियना कन्वेंशन में ओजोन के संरक्षण के लिये प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जाने लगा। इस वर्ष हम वियना कन्वेंशन की 35वीं वर्षगांठ और वैश्विक ओज़ोन परत संरक्षण की 35वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हर साल, विश्व ओज़ोन दिवस वर्तमान चुनौतियों और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक अनूठी थीम पर मनाया जाता है। 2025 का आधिकारिक थीमःजीवन के लिए ओज़ोन' है। यह थीम हमारे ग्रह के लिए एक प्रभावी एवं रक्षात्मक ढाल के रूप में ओज़ोन परत के निरंतर महत्व पर प्रकाश डालती है और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वैश्विक सफलता और भविष्य की संभावनाओं का जश्न मनाती है।

पृथ्वी की सतह से 10 से 40 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में स्थित ओज़ोन परत हमें हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवी रेडियेशन) से बचाती है। यह सुरक्षात्मक परत, जिसे स्ट्रैटोस्फेरिक ओज़ोन या अच्छी ओज़ोन के रूप में जाना जाता है, मोतियाबिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को रोकती है तथा कृषि, वानिकी और जलीय जीवन की रक्षा करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि ओज़ोन परत केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा कवच है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में स्थापित, यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि को चिह्नित करता है, जो एक महत्वपूर्ण घटना थी जब दुनिया ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए एकजुट हुई थी। ओज़ोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में स्थित है और सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है, जिससे इसका संरक्षण सभी प्रकार के जीवन के लिए आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण को रोकना और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना है। यदि यह परत क्षतिग्रस्त हो जाए तो पृथ्वी पर जीवन असुरक्षित हो जाएगा। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन देती है लेकिन लालच को पूरा करने के लिए नहीं। यही कथन आज ओज़ोन संकट की मूल जड़ को समझाता है। ओज़ोन परत के क्षरण के मुख्य कारणों में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) युक्त गैसें हैं जो फ्रिज, ए.सी., एरोसोल स्प्रे और फोम में प्रयुक्त होती हैं। वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग तथा वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी इसके प्रमुख कारण हैं। इसका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। त्वचा कैंसर और आँखों का मोतियाबिंद बढ़ रहा है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और बच्चों व बुजुर्गों में श्वसन संबंधी बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। ओज़ोन क्षरण जलवायु परिवर्तन और मौसम की चरम स्थितियों को भी जन्म देता है। ग्लेशियर पिघलने की गति तेज हो रही है, समुद्र तल बढ़ रहा है जिससे तटीय शहर खतरे में हैं और बेमौसम बारिश, लू तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आम होती जा रही हैं। पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर देखा जा रहा है। पौधों की वृद्धि और फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जल-जीवों और समुद्री पारिस्थितिकी को हानि पहुँच रही है और जैव विविधता असंतुलित हो रही है। बढ़ते प्रदूषण और वाहन संकट ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। वाहनों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें और धुआँ न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं बल्कि ओज़ोन परत को भी कमजोर कर रहे हैं। महानगरों में दमघोंटू धुआँ, बदली हुई वर्षा प्रणाली और सांस की बीमारियाँ इसी का परिणाम हैं। इस संकट से निपटने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे। पर्यावरण-अनुकूल तकनीक का प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसी स्वच्छ यातायात व्यवस्था का अपनाना, पेड़ लगाना और वनों का संरक्षण करना, सीएफसी और हानिकारक रसायनों पर नियंत्रण तथा सौर, पवन और जल जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना आज की आवश्यकता है।

# जनरेशन-जी से लेकर जनरेशन अल्फा तक बदलती दुनिया, बदलते बच्चे



डॉ प्रियंका सौरभ

*समाज में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन केवल राजनीति या तकनीकी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इंसान की सोच, जीवनशैली और संस्कृति पर गहरा असर डालते हैं।*

समय और समाज के बदलते माहौल के साथ हर पीढ़ी की सोच, जीवनशैली और चुनौतियाँ बदलती हैं। ग्रेटेस्ट जनरेशन और साइलेंट जनरेशन ने युद्ध और कठिनाई का सामना किया। बेबी बूमर्स ने औद्योगिकीकरण देखा, जेन-एक्स ने तकनीकी शुरुआत अनुभव की, और मिलेनियल्स ने इंटरनेट और वैश्वीकरण के साथ युवा जीवन जिया। जेन-ज़ी डिजिटल नेटिव हैं, आत्मनिर्भर और तेज़ सोच वाले, जबकि जेन अल्फा पूरी तरह डिजिटल माहौल में पले-बढ़ रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक जुड़ाव और रोजगार की अनिश्चितता इनकी प्रमुख चुनौतियाँ हैं। संतुलन, रचनात्मकता और अनुभव-साझा करके भविष्य संवेदनशील और प्रगतिशील बनाया जा सकता है। समाज में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन केवल राजनीति या तकनीकी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इंसान की सोच, जीवनशैली और संस्कृति पर गहरा असर डालते हैं। यही कारण है कि अलग-अलग वर्षों में जन्म लेने वाले लोगों को अलग-अलग जनरेशन के रूप में पहचाना जाता है। आजकल स्कूलों, कॉलेजों और यहाँ तक कि कॉरपोरेट दुनिया में भी जेन-जी और जेन अल्फा जैसे शब्द आम हो गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि ये पीढियाँ हैं क्या, इनकी सोच और चुनौतियाँ किन मायनों में अलग हैं और क्या यह फर्क समाज को मज़बूत बना रहा है या विभाजन पैदा कर रहा है?

जनरेशन दरअसल वह समूह है जो लगभग समान समयावधि में जन्म लेता है और अपने बचपन व युवावस्था में समान सामाजिक व सांस्कृतिक परिस्थितियों का अनुभव करता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में जन्मे बच्चे और आज के डिजिटल युग में जन्मे बच्चों की सोच और जीवनशैली में ज़मीन-आसमान का फर्क है। यही फर्क हर पीढ़ी की पहचान बन जाता है। अमेरिका और यूरोप में बीसवीं सदी की शुरुआत में पीढियों को वर्गीकृत करने का चलन शुरू हुआ और अब भारत सहित पूरी दुनिया में इसे अपनाया जा रहा है। बीसवीं सदी की शुरुआत से लेकर अब तक कई पीढियाँ सामने आई हैं। 1901 से 1927 के बीच जन्म लेने वाली ग्रेटेस्ट जनरेशन ने प्रथम विश्व युद्ध और महामंदी की कठिन परिस्थितियों का सामना किया। इनकी ज़िंदगी अनुशासन और त्याग से भरी रही। इसके बाद 1928 से 1945 तक जन्मे लोग साइलेंट जनरेशन कहलाए। यह वह पीढ़ी थी जिसने द्वितीय विश्व युद्ध, गरीबी और विस्थापन के बीच अपना बचपन गुज़ारा। भारत में यही पीढ़ी स्वतंत्रता और विभाजन दोनों की गवाह बनी। 1946 से 1964 के बीच जन्म लेने वाली पीढ़ी बेबी बूमर्स के नाम से जानी गई। युद्ध के बाद जन्म दर में तेज़ी से वृद्धि हुई और दुनिया पुनर्निर्माण की ओर बढ़ी। भारत में यह वही लोग थे जिन्होंने पहली बार स्वतंत्र नागरिक का दर्जा पाया और औद्योगिकीकरण तथा हरित क्रांति के दौर को देखा। 1965 से 1980 के बीच जन्म लेने वाली जेनरेशन एक्स तकनीकी क्रांति की आहट के साथ बड़ी हुई। टीवी और रेडियो इनके जीवन का हिस्सा बने। भारत में इस पीढ़ी ने आपातकाल और आर्थिक संकट का समय देखा, इसलिए यह व्यावहारिक और आत्मनिर्भर मानी जाती है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



सचिन पायलट

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कलम के स्टार हैं पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व पीसीसी चीफ युवा कांग्रेस लीडर सचिन पायलट।

सचिन पायलट एक भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य हैं। फिलहाल वे दिसंबर 2023 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। वे 2018 से राजस्थान में टोंक विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चुनाव आयोग पर सवालः 13 सितंबर, 2025 को उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया और देश में वोट चोरी का आरोप लगाया।

एनएसयूआई का समर्थन- अगस्त 2025 में, वह राजस्थान में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और पुलिस कार्रवाई का सामना किया। दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव- 15 सितंबर, 2025 को वह दिल्ली विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के लिए वोट मांगने के लिए एक अभियान में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों से शिक्षा नीति और रोजगार जैसे मुद्दों पर बातचीत की। बिहार चुनाव पर बयानः अप्रैल 2025 में, उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला करने की बात कही, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। गहलोत से विवाद-जून 2025 में, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ अपने पुराने मतभेदों को 'रात गई, बात गई' कहकर खत्म कर दिया। राजस्थान के उपमुख्यमंत्रीः वह 2018 से 2020 तक अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। आज देश के युवा लीडर के रूप में लोगों ने देख रहे हैं गुर्जर समाज ही नहीं पारण अन्य समाज के लोग भी इस शानदार लीडर के नेतृत्व की आशा में फलके बिछाए बैठे हुए हैं।

-रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# तनाव के कारण सिरदर्द की बढ़ गई है समस्या, इस एक कप चाय से पाएं राहत

आज के समय में सिरदर्द की परेशानी काफी आम हो गई है। बच्चा हो या बुजुर्ग हर किसी को बदलते मौसम, ज्यादा टीवी या फोन देखने के कारण या अन्य कारणों से सिरदर्द होने लगता है। सिरदर्द का एक बड़ा कारण स्ट्रेस भी है, जिसका सामना बच्चों से लेकर बड़े सभी लोग करते हैं।

कई लोग बार-बार सिरदर्द होने के कारण पेनकिलर खाने लगते हैं जो आपके सेहत के लिए हानिकारक है। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से सिर के दर्द से राहत पा सकते हैं।

सिरदर्द के लिए नेचुरल टी

**1. लैवेंडर टी** लैवेंडर टी तनाव को शांत करने और आपको रिलेक्स करने के गुण मौजूद होते हैं जो सिरदर्द में राहत दिलाने में लाभकारी है। लैवेंडर टी आपके स्ट्रेस को कम करके अच्छी नींद लेने में आपकी मदद करता है।

**2. तुलसी चाय** सिर के दर्द से राहत पाने के लिए तुलसी की चाय आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। तुलसी में एंटी इंफ्लेमेटरी और मसल रिलैक्सेंट इफेक्ट्स पाए जाते हैं जो सिर के दर्द को कम करने का काम करता है। **3. पुदीना की चाय** पुदीना की चाय सिरदर्द के लिए एक आयुर्वेदिक उपचार है। पुदीना में मौजूद गुण आपके स्ट्रेस लेवल को कम करने में मददगार है। ऐसे में स्ट्रेस होने पर या सिरदर्द होने पर आप पुदीने की चाय पी सकते हैं। **4. अदरक की चाय** अदरक की चाय किसे पसंद नहीं होता है। हम सभी के घर में अदरक की चाय बनती ही है। लेकिन ये अदरक की चाय आपके सिर के दर्द से राहत दिलाने का काम भी कर सकती है। अगर आपको भी सिर में दर्द हो रहा है तो पेनकिलर खाने से पहले एक बार अदरक की चाय पीकर जरूर देखे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे, लेकिन वाहनों का प्रयोग आप जल्दबाजी में ना करें।

### वृष
आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने रूपए पैसे से संबंधित कोई जरूरी जानकारी किसी को नहीं देनी है।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत जारी रखनी होगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप आज कोई फैसला बहुत ही समझदारी से ले। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की यदि आप योजना बना रहे थे।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कामों में अच्छे सफलता हासिल होगी। आप किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहेंगे और कोई रुका हुआ काम पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के कोई किसी मौके भी हाथ से जाने नहीं देंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। सेहत आपकी नरम गरम रहेगी, जिसको लेकर एहतियात बरतनी होगी। आपकी जीवनसाथी से खटखटा हो सकती है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं।

### मकर
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने आसपास में हो रहे वाद-विवाद से दूरी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपके रिश्तेदारों से आपका किसी बात को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

### मीन
आज आपके मन में कुछ संशय रहने के कारण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई डील भी फाइनल होते-होते लटक सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपको तनाव दे सकते हैं।

## विप्र फाउंडेशन ने किया 350 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित

# शिक्षा से ही समाज, राज्य और राष्ट्र का विकास संभव : डॉ हेमन्त शर्मा

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी( राकेश शर्मा )। विप्र फाउंडेशन जॉन 1 - डी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह विजय पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा के मुख्य आतिथ्य व फाउंडेशन जोन 1- डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में समाज की सभी प्रतिमाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन एवं पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार से की गई।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली समाज की लगभग 350 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में होते रहने चाहिए इससे समाज की एकजुटता बढ़ती है एवं बताया कि समाज के युवा



वर्ग के लिए एवं ख़ासकर बेटियों के लिए विप्र फाउंडेशन द्वारा सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च सेंटर का निर्माण भी किया गया है जिसमें समाज के सभी बच्चे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सके साथ ही हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विप्र फाउंडेशन जॉन 1- डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज को आगे उच्च स्तर तक के जाने के लिए हमें सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत कई कठिन फ़ैसले लेने होंगे जिसमें उन्होंने लगभग 15 बातों के बारे में उपस्थित प्रतिभाओं एवं समाज के लोगों के बीच जिक्र किया।

करौली नगरपरिषद की सभापति राजरानी शर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुटता के साथ रहकर हमेशा एक दूसरे की मदद करनी चाहिए !

जोन 1-श्व के अध्यक्ष राजेश कर्नल ने जॉन 1- डी के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि इस तरह के सम्मान समारोह से समाज के युवा वर्ग को एक सकारात्मक ऊर्जा देने वाला बताया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ( चंचू भैया ) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विप्र फाउंडेशन जॉन -1 के अध्यक्ष राजेश कर्नल , जॉन 1-श्व अध्यक्ष कृष्णमुरारी चतुर्वेदी , जे सी शर्मा रिटायर्ड आईजी , जॉन 1-श्व प्रदेश महामंत्री हरिसुदन शर्मा ,सियाराम शर्मा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉन 1- डी एवं राष्ट्रीय ई लाइब्रेरी प्रकल्प प्रभारी , कैलाश तिवाडी संगठन महामंत्री , दिलीप तिवाड़ी जिला अध्यक्ष गंगापुर सिटी, योगेश वशिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष , देवेन्द्र पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष, विष्णु गुरुजी प्रदेश सचिव, गोविंद पाराशर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, इंद्रेश तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक करौली , गोविंद दीक्षित पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी , राजरानी शर्मा सभापति नगरपरिषद करौली , राम जी पंडा राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ राजस्थान , , मिथलेश व्यास गंगापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष , राधा दीक्षित जिला अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थे । कार्यक्रम में मंच संचालन दुर्गेश शर्मा ने किया । कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जॉन 1- डी के प्रदेशअध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा ,जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी ,महामंत्री राजेंद्र सहारिया ,बालकृष्ण शर्मा जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा,गोपाल शर्मा पार्थ एजेंसी, हरीश बाबू शर्मा, श्याम सेवा, देवेंद्र पाठक, राजेश सहारा ,प्रदीप त्रिपाठी गुरुकुल, सचिन शर्मा, पीसीसी सदस्य मुकेश देहात, शिवकुमार शर्मा नहर रोड , राजू शर्मा आदि हज़ारो ब्राह्मण बंधु शामिल थे ।

## एबीवीपी के अध्यक्ष बने पुष्कर साहू



**बढ़ता राजस्थान, देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और एबीवीपी के विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान नगर मंत्री कुलदीप सिंह ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें पुष्कर साहू को इकाई अध्यक्ष और तुलसीराम शर्मा को इकाई सचिव नियुक्त किया । इसी तरह नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष स्नेहा मीणा, सहसचिव सूरज कुमार, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक पंकज जांगिड़, सह संयोजक नरेश रैगर, स्स्नष्ठ संयोजक मनीष कुमार, स्स्नस् संयोजक दिलीप प्रजापत, सोशल मीडिया प्रभारी जीवराज गुर्जर, एनएसएस प्रभारी कालूराम मीणा और खेल गतिविधि संयोजक आदित्य राणावत, सहसंयोजक तिलक कुमार को शामिल किया । इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को बधाई दी गई और उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। इस दौरान जितेन्द्र सिंह सोलंकी, गोविंद गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीईओ बुड़ानिया का अपना गांव ऐप बना लोगों का सहारा



**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** सोमवार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव बुड़ानिया द्वारा डिज़ाइन ऐप अपना गांव आमजन में खासी चर्चा में है। महज पाँच दिनों में इस ऐप को दस हज़ार से भी ज़्यादा लोगों ने डाउनलोड कर अपनी शिकायतें एवं सुझाव इस ऐप पर दर्ज किए हैं। सीईओ बुड़ानिया ने बताया कि सोशल मीडिया का युग है आम आदमी एवं जरूरत मंद लोगों को अपनी समस्याओ के निराकरण के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े इस लिए इस ऐप को विशेष फीचर के साथ दस दिसंबर को जिला कलक्टर कानाराम द्वारा लाँच किया गया था अब तक इस ऐप पर हजारों की संख्या में आमजन द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अपनी समस्याएं प्रस्तुत की गई है। हमारा उद्देश है कि इस ऐप से अधिक से अधिक लोग जुडक़र अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण करवा सकें! इस नवाचार से आमजन निश्चिन्त ही लाभान्वित होगा और सीधे जिला प्रशासन तक अपनी बात पहुँचाने में सक्षम बनेगा।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा लावा मंडल की बैठक आयोजित



**बढ़ता राजस्थान, मालपुरा (नि.स.)।** उपखण्ड के डिग्गी स्थित यादव धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े को लेकर भाजपा लावा मंडल की आवश्यक बैठक लावा मंडल अध्यक्ष इन्दरपाल चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 17 सितम्बर से अक्टूबर तक राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमो लेकर चर्चा की गई। जिसमें जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर , स्व'छता अभियान, लाइव प्रसारण, सहित अन्य सेवा कार्यो पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष मदनलाल सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर शर्मा, महामंत्री किशनलाल, अशोक शर्मा, अरविन्द शर्मा, सुचालाल जाट, लक्ष्मण सिंह, नारायण मुवाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद रहे। बैठक में मौजुद सभी भाजपाईयो ने मंडन अध्यक्ष चौधरी का मालाऐं पहना कर स्वागत सम्मान किया।

## पंचम वार्षिकोत्सव विराट भजन संध्या कल

**बढ़ता राजस्थान, मालपुरा (नि.स.)।** दूदू रोड स्थित श्री नारायण विहार कालोनी में बुधवार 17 सितम्बर को रात्रि 7.00 बजे से पंचम वार्षिकोत्सव श्री श्याम श्री बालाजी एकादशी विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजक परिवार के मुखिया किशनलाल सहित पंकज व गौरव गुप्ता ने बताया कि भजन संध्या में सालासर बालाजी धाम के श्री राम जी पुजारी व रींगस धाम मन्दिर के कुशाल सिंह जी का पावन सांनिध्य मिलेगा। इसके अलावा भजन संध्या के मुख्य गायक आयुष सोगानी जयपुर,फतेहाबाद हरियाणा की परविन्दर पलक, व जयपुर के तैज सिंह द्वारा सम्पूर्ण रात्रि भजन प्रस्तुत किए जाएगें। भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का अलोकिक दरबार, पवित्र 'योति दर्शन होगें। साथ इत्र व पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं का अभिनन्दन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के केबिनेट जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मौजुद रहेगें।

## जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारी को लेकर जाट धर्मशाला में बैठक आयोजित हुई। प्रांतीय संयुक्त मंत्री शिवजीलाल ताखर ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के तत्वावधान में जाट धर्मशाला निवाई में 26 व 27 सितम्बर को दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रांतीय सदस्य हनुमानप्रसाद सैनी, जिला अध्यक्ष प्रकाशचन्द चौधरी एवं जिला मंत्री रामप्रसाद धाकड़ के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी गई एवं कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में भंवरलाल जाट, रामधन गुर्जर, विनोद जैन, मुकेश विजय, हरिराम मीणा, रमेशचन्द मीणा, रामबाबू गौतम, रामगोपाल जाट, लीलाप्रसाद मीणा, गणेश चौधरी, मोहनलाल प्रजापत, मनमोहन चौधरी, लालचन्द मीणा, प्रहलाद गुर्जर व रामअवतार चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## सांसद के कार्यक्रम से कांग्रेस कार्यालय से चुराई गई स्कूटी मिली,एक आरोपी को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक-सवाई माधोपुर के सांसद हरीश चंद्र मीना के 29जून को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के नीचे से नन्दकिशोर सैनी की एक स्कूटी चोरी हो गई थी।जिसको बड़ी मशक्कत के बाद इस मामले में कोतवाली टोंक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके स्कूटी बरामद की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नंद किशोर सेनी पुत्र गोविन्द सैनी निवासी नैनसुख की बगीया टोंक ने कोतवाली पुलिस थाना में इस आशय का मामला दर्ज कराया था कि वह 29जून को जिला कांग्रेस कार्यालय तख्ता गेट टोंक के समीप सांसद हरीश चंद्र मीना के कार्यक्रम की कवरेज के लिए गया था।वह कार्यक्रम की कवरेज के बाद जैसे ही कांग्रेस कार्यालय से नीचे उतरा तो वहां उसकी स्कूटी नहीं मिली ।काफी तलाश किए जाने के बाद कोतवाली पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सीसीटी केमरो की रिकॉर्डिंग तलाशने के बाद पता चला लगभग 11.42 बजे एक व्यक्ति पैदल ही बाईक को ले जाता हुआ नजर आया।जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश व अनुसंधान शुरु किया । कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव सहित पुलिस टीम ने माल-मुल्जिम मे तकनिकी साधनो व मुखबीर मामुर करके आरोपी को चिन्हित करके आरोपी खुशीराम गुर्जर पुत्र किशन लाल गुर्जर (25)निवासी ताखोली पुलिस थाना मेहंदवास जिला टोंक को गिरफ्तार किया साथ ही मुल्जिम के कब्जे से चुराई गई स्कुटी व एक अन्य चोरी हुई मोटरसाईकिल को सवाईमाधोपुर पुलिया थाना सदर टोक से बरामद किया है।

## कापड़ी अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा की स्थानीय शाखा मालपुरा के अध्यक्ष पद पर रामअवतार कापड़ी अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए हैं।

प्रादेशिक निर्वाचन अधिकारी कृष्ण गोपाल मधुर व स्थानीय निर्वाचन सभा निर्वाचन अधिकारी मोहित विजय ने बताया कि रविवार को शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। जिसमें 740 मतदाताओं में से 565 मतदाताओं ने मत डाले। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए रामअवतार कापड़ी को &50 तथा दूसरे स्थान पर अक्षय राजपुरा वालो को 21& मत मिले। जिसके चलते विजयवर्गीय समाज स्थानीय सभा के आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए रामअवतार कापड़ी को 1&7 मतो से विजयी धोषित किया गया। उन्होंने बताया कि दो मत निरस्त किए गए। परिणाम जारी किए जाने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष कापड़ी को महासभा के नियमानुसार शपथ दिलाई गई। इधर परिणाम जारी होने के साथ ही निर्वाचित अध्यक्ष कापड़ी के समर्थको में खुशी की लहर छा गई। समर्थको ने ढोल की थाप के बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।



यें रहे मौजूद :- परिणाम के समय मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष हनुमान प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर विजय,रामवरण निमेड़ा, निवर्तमान महामंत्री कैलाश अजमेरी, रामचरण डांस, नवरतन बिचूण वाले,राष्ट्रीय महासभा कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बिचूण, कन्हैयालाल हाथकी, रमेश चांदसेन, मनीष चांदसेन, रामअवतार, प्रदीप, मुकेश, विजयशंकर, सत्यनारायण सहित अन्य कई समाजबंधु मोजुद रहे।

## प्रधानमन्त्री की अगुवाई में भारत विश्व की बडी ताकत बना : सतीश चन्देल

बढ़ता राजस्थान

टोंक ( का.स. ) । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंदेल ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के संस्कार में सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रेम शामिल है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चन्देल ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल भाजपा शहर मंडल की भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में मुख्य वक्ता के पद से बोलते हुए कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व की बडी ताकत बन चुका है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमन्त्री बनने के साथ ही अब तक भाजपा की केन्द्र सरकार ने सेवा संकल्प के साथ काम शुरू किया था। जिसका ही परिणाम है कि देश में आम नागरिको की मूलभूत सुविधाओं के लिए योजनाएं बनी जिसका सीधा लाभ आमजनता को मिल रहा है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष समीश चन्देल ने कहा कि भाजपा का सेवा पखवाडा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता रक्तदान, प्रबुद्धजन गोष्ठिया, सहित सेवा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेवा के कार्य अधिक से अधिक इस पखवाड़े में करने होंगे।

## पंडित ताराचन्द्र शास्त्री को ज्योतिष में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित पंडित ताराचन्द्र शास्त्री को विश्व ज्योतिष आध्यात्म विश्व विद्यापीठ, झारखंड से ज्योतिष के क्षेत्र में पीएचडी के साथ गोल्डमेडल अवार्ड से सम्मानित किया है! ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचन्द्र शास्त्री को ज्योतिष के क्षेत्र में यह पीएचडी की मानक उपाधि मैडल के साथ प्रदान की गई । गौरतलब है कि विद्यापीठ ने माना कि पंडित ताराचन्द्र शास्त्री ने ज्योतिष में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि के लिए सभी



आवश्यकताओं को पूरा किया है। ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री को सम्मान प्राप्त होने पर शहर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**मानद डॉक्टरेट एक शैक्षणिक सम्मान :** मानद डॉक्टरेट एक शैक्षणिक सम्मान है जो विश्वविद्यालयों या संस्थानों द्वारा उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने विशेष क्षेत्र, समाज या मानवता में असाधारण योगदान दिया हो, भले ही उन्होंने पारंपरिक शैक्षणिक योग्यताएँ पूरी न की हों। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धियों, नेतृत्व और प्रभाव को मान्यता देता है और इसके लिए कोई शोध या परीक्षा पूरी करने की आवश्यकता नहीं होती है।

## गोदाम से आटे के कट्टे चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बडा कुआँ स्थित परचुनी सामान के गोदाम की छत से अन्दर प्रवेश करके आटे के कट्टे चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 14सितंबर 25 को परिवादी सुनिल कुमार जैन पुत्र प्रहलाद चन्द जैन ङ्क. क्च. शास्त्रीनगर टोंक ने कोतवाली टोंक पुलिस थाना में इस आशय की रिपोर्ट पेश कि थी कि उनकी दुकान बडा कुँआ टोंक पर है । दिन में 3 बजे कि दुकान के पीछे गोदाम में पिछे से छत के रास्ते दिवार कुदकर एक व्यक्ति आटे के कट्टे चुरा रहा था।

# हिंदी दिवसः प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** माय भारत स्वयंसेवक अनुभव सेन द्वारा खंडार पंचायत समिति के बहरावण्डा खुर्द में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षाविद श्याम सिंह मेरोठा द्वार मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका और 'विकसित भारत' की कल्पना जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन एवं नारा लेखन की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नारा लेखन में युवाओं ने हिंदी के सम्मान और भारत के विकास से संबंधित आकर्षक और प्रेरणादायक नारे लिखे। निबंध प्रतियोगिता में भी युवाओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कीर्ति शर्मा द्वितीया स्थान संगीता मीना तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से नरेंद्र बेरवा तथा रामकेश ने प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया गया। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को माय भारत की टोपी भी वितरित की गई। कार्यक्रम में माय भारत स्वयंसेवक अनुभव सेन द्वारा युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया तथा युवाओं को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' के तहत आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के बारे में भी बताया गया! कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शंकर लाल सैनी तथा माय भारत स्वयंसेवक रीना राठौर, अनिल कुमार महावर, हरमीत सिंह सहित क्षेत्र के अन्य युवा उपस्थित रहे।



# कलक्टर ने ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर अभियान की तैयारी को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट के वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर अभियान एवं स्वच्छता सेवा पखवाडे की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर एवं स्वच्छता सेवा पखवाडा आयोजित किया जाना है तथा इसके बाद सहकार सदस्य अभियान का आयोजन होगा अतः संबंधित अधिकारी शिविरों की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार की मंशानुसार शिविरों में किए जाने वाले आमजन के कार्यों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि शिविरों में आमजन के किए जाने वाले कार्यों की पूर्ण तैयारी करें। प्रयास यह रहे हैं कि आमजन के मौके पर ही कार्य होवे। इसके लिए इन शिविरों का स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों का भी सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने दायित्वों की पूर्ण तैयारी करें। फील्ड के डाटा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को शिविरों में लाभांवित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राकृतिक आपदा के आर्थिक सहायता के प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेते हुए इन पर त्वरित कार्यवाही की जावे।

उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर पालिका क्षेत्र में कचरा निस्तारण स्थान को सुव्यवस्थित करावे जिसके लिए जहां कचरा निस्तारण स्थान निर्धारित नहीं हैं, वहां स्थान चिन्हित करे तथा जहां कचरा स्थान चिन्हित है उसकी बाउंड्री वाल एवं पौधारोपण आदि करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण होने वाली जनहानि, पशु हानि, भवनों के क्षतिग्रस्त होने व आकाशीय बिजली के प्रकारणों के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने सीईओ को निर्देश दिये कि सरिस्का में जाने वाली सडक को कचरा मुक्त करावे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि झूलते तारों की निर्धारित ऊंचाई करावे। उन्होंने विकास अधिकारियों को जिले की हर ग्राम पंचायत में जल प्रवाह व जल भराव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ कचरा स्थलों का चिन्हिकरण करावे तथा अतिक्रमण किए हुए स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करावे। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालूखे गौरव रविंद्र, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, नगर निगम आयुक्त श्री जीतेन्द्र नरुका, उपखण्ड अधिकारी अलवर श्री माधव भारद्वाज, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा,पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता श्री भूरी सिंह, डीएसओ श्री विनोद जुनेजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## अधिकारियों के आवास पर उठाए सवाल, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**बढ़ता राजस्थान, बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र से नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल आर्य के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के सहायक राजेश जोशी को सौंपा गया। ज्ञापन में शहर कांग्रेस ने अधिकारियों के राजकीय आवास पर न रहने और संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर पाँच सूत्री मांगें रखीं। राहुल आर्य ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में पूर्व में राजकीय अधिकारीयों के लिए आवास बनाए गए हैं, जिन्हें बुजुर्ग लोग सी-स्कीम के नाम से जानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि राजकीय आवास होने के बावजूद अधिकारी सिविल लाइन में क्यों नहीं निवास करते और इसे भ्रष्टाचार का खुला नाच बताया। राहुल आर्य ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा इस ज्ञापन पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस मजबूरन धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने पर मजबूर होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र ढाकला, सुमेर नाहरवाल, डॉ. अभिषेक मीणा, सचिन मीणा, विक्रम सैनी, साहिल मीणा सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलाकंद की मिठास और सेवा का मिला सम्मान



**बढ़ता राजस्थान, अलवर (का.स.)।** अलवर की पहचान जहां बाबा भर्तृहरि से है, वहीं कलाकंद (मिल्क केक) भी इस शहर का गौरव है। इसी प्रसिद्ध मिठाई के जन्मदाता परिवार से जुड़े बाबा ठाकुर दास के प्रबंध निदेशक महेन्द्र तनेजा को नेक कमाई फाउंडेशन ने उनके सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। महेन्द्र तनेजा अपने बड़े भाई अशोक तनेजा के साथ परिवार की परंपरा को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। मनुमार्ग स्थित शाह साहब की गद्दी से जुड़े होने के साथ-साथ वे पुरुषार्थी समिति और अन्य कई संस्थाओं के जरिए लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनकी सकारात्मक सोच और विवादों से दूर रहने की प्रवृत्ति ने उन्हें समाज में अलग पहचान दिलाई है। महेन्द्र तनेजा का पूरा परिवार भी सेवा कार्यों में सक्रिय है। उनके पुत्र अभिषेक तनेजा और आशीष तनेजा सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, जबकि बेटियां बिंदिया और शालू और बहुएं मेघा तथा कंचन भी सेवा भाव में साथ रहती हैं। पत्नी मीना तनेजा नेक कमाई फाउंडेशन की संरक्षक भी हैं। इस अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से संरक्षक दौलत राम हजरती और धर्मेन्द्र अदलक्खा ने महेन्द्र तनेजा को बुके, दुपट्टा और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## सर्व समाज हेल्प टीम ने सिलिकोसिस पीड़ित परिवार को सौंपी सहायता राशि



**बढ़ता राजस्थान, राजगढ़ (अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के बीघोता गांव निवासी राजेश उर्फ पायलट लगभग दस वर्ष से सिलिकोसिस बीमारी से जूझ रहे हैं। उनके इलाज के लिए सर्व समाज हेल्प टीम ने सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर परिवार को एक लाख चौबीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। टीम के संयोजक प्रकाश भाबला और शैलेन्द्र खटाना ने बताया कि राजेश मीणा बचपन से पत्थर तोडऩे का कार्य करते रहे, जिसके कारण वे सिलिकोसिस के शिकार हुए। इस मिशन में लगभग 350 दानदाताओं ने सहयोग किया और आर्थिक सहायता जुटाई गई। रविवार को यह राशि पीड़ित परिवार को सौंपी गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र खटाना, विक्रम मीना, महेश मीना, सर्वेश मीना, छोटेलाल मीना, रामोतार मीना, सोनू मीना, पप्पू राम मीना सहित सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कन्या-किशोर कौशल शिविर का आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, अलवर (का.स.)।** सोमवार को प्रात: 7.30 बजे प्रशांत माध्यमिक विद्यालय, गोविंद नगर, दिल्ली रोड में गायत्री परिवार अलवर द्वारा कन्या-किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किशोरियों और युवाओं में सांस्कृतिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर वैशाली गुप्ता ने उपस्थित छात्रों को बताया कि जिस देश का युवा दिग्भ्रांत हो जाता है, वह राष्ट्र और समाज की जर्जर अवस्था का कारण बनता है। इसके बाद कुमारी प्रगति पाराशर ने आधुनिक जीवनशैली और फास्ट फूड के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रभावों की जानकारी दी। श्रीमती गायत्री शर्मा ने छात्रों को जन्मदिन मनाने के सही तरीके समझाए, जबकि श्रीमती रजनी शर्मा ने वर्तमान फूहड़ फैशन और उसकी सभ्यता तथा संस्कृति पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। अंत में परिव्राजक महोदय ने गायत्री परिवार और शांतिकुंज हरिद्वार का परिचय देते हुए शिविर के मिशन और उद्देश्य की जानकारी दी।

## ग्रामीणों का रोषः विधायक मस्त विकास सुस्त, जनता त्रस्त

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत कोलाहेड़ा बाईपास से हुई और नारायणपुर उपखण्ड कार्यालय पर तहसीलदार अनील कुमार को उपखण्ड अधिकारी के नाम 13 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस विधायक को जनता ने सुरक्षा और सुविधा देने के लिए चुना, वह अपने पद का दुरुपयोग कर दलाली में मस्त हैं। वहीं, विकास कार्य सुस्त गति से चल रहे हैं और सरकारी आवास में अधिकारी भी तैनाती के बावजूद रहन-सहन के लिए प्राइवेट आवासों का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी शिकायतें विधायक तक नहीं पहुंच रही हैं, इसलिए ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन और सरकार से समाधान की मांग की जा रही है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सडक़ निर्माण, रोडवेज बस सुविधा, सफाई व्यवस्था, पर्यटन स्थल विकास, फसल खराबे का मुआवजा, और बंदरों से राहत शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उपखण्ड क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएँ। रैली में ओमप्रकाश बिलाली, मोतीसिंह मीणा, अक्षय शेखावत, रूप स्वामी, हेमंत यादव, रवि मीणा, रामकिशोर चन्देला, सुरेश मीणा, बलराम जाट, विकास मेहरा, छाजू सैनी, बलराम सैनी, सुवालाल गुर्जर, विजय कसाना, पवन मीणा, दलीप गुर्जर, मोनू यादव, हेमंत कुमावत, सुरेश जांगिड, जसवंत मीणा, कमलेश अवाना, लालाराम योगी, जीतू प्रजापत सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा शामिल रहे।

## ब्राह्मण समाज राजगढ़ का प्रतिभा सम्मान समारोह तैयारियों को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान



राजगढ़ (अलवर)। श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ की ओर से आगामी 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को परशुराम भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने की। अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि समारोह में राजगढ़, रैणी, टहला सहित आसपास के क्षेत्रों के ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

समाज के दिनेश शास्त्री ने बताया कि जिन्होंने अक्टूबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच राजकीय सेवा में नियुक्ति प्राप्त की है या किसी अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं, उन्हें भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 9 मार्च 2025 को समाज के चुनाव में प्रयुक्त सामग्री, कांउटर फाइनल आदि को समाज के अध्यक्ष की अनुमति से निर्धारित अधिकारियों की उपस्थिति में नष्ट किया गया। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि परिवारों में होने वाले मांगलिक कार्यों में कुछ लोग डर-धमकी देकर मोटी रकम वसूलते हैं, इस पर चर्चा कर समाधान निकालने पर विचार किया गया। बैठक में अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, दिनेश शास्त्री, लाडली शरण शर्मा, विपिन भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा, अशोक पालीवाल, गिर्राज प्रसाद, सुरेश्वर दयाल, बाबूलाल, दिनेश, कमलेश सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## मूलभूत सुविधाओं के बावजूद राजगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय की बदहाली पर रो रही जनता

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे का सामुदायिक चिकित्सालय, जहाँ प्रतिदिन 1000 से 1200 मरीज ओपीडी में आते हैं, मूलभूत सुविधाओं के बावजूद अपनी बदहाली पर चिंता का कारण बन रहा है। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में दवाइयाँ नहीं मिलती और चिकित्सक अक्सर मरीजों को बाहर की दवाइयाँ तथा जांच लिख रहे हैं।

सीएचसी में कई चिकित्सक वर्षों से पदस्थ हैं, लेकिन उनके कामकाज में लापरवाही देखने को मिल रही है। गंभीर मामलों में मरीजों को चिकित्सक को घर से बुलाना पड़ता है। एमओटी में सफाई की स्थिति भी खराब है और ड्रेसिंग के लिए मरीज गंदगी में ही लेटकर इलाज करवा रहे हैं।

राजगढ़ महिला चिकित्सालय में स्त्री रोग चिकित्सक मौजूद होने के बावजूद सिजेरियन डिलीवरी नहीं हो रही है। प्रतिदिन 10-12 प्रसव होते हैं, लेकिन सिजेरियन डिलीवरी के लिए मरीजों को अन्यत्र रैफर किया जाता है। चिकित्सा विभाग द्वारा ट्रॉमा सेंटर का प्रस्तावित निर्माण कार्य किया जा रहा है, जहाँ पुराने चिकित्सकों के क्वार्टर को तोडक़र इसका निर्माण किया जाएगा।

## आदिवासी मीणा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ आदिवासी मीणा समाज द्वारा आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को श्रीचंद्रपुरा चेक पोस्ट पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड प्रधानाध्यापक फूलचंद मीणा ने की। बैठक में रिटायर्ड तहसीलदार जयराम पटवारी ने बताया कि यह सम्मेलन अगले वर्ष 19 फरवरी 2026 (फुलेरा दूज) को राजगढ़ परिक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन स्थल के चयन पर चर्चा हुई और अनावड़ा गांव के पंच पटेलों ने अपने गांव के भोमिया बाबा के पास स्थित खाली जमीन पर आयोजन करने और भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसके साथ ही तय किया गया कि 28 सितंबर 2025 को सम्मेलन की तैयारियों की अगली बैठक उसी स्थल पर आयोजित की जाएगी।

बैठक में पूर्व मंत्री एवं बस्सी से विधायक डा. कन्हैयालाल मीणा, पूर्व प्रधान गंगाराम मीणा, पूर्व सरपंच रंगलाल मीणा, पाटन सरपंच सरोज मीणा, मुकेश पाटन, पूरण टीपूड़ा, पूर्व सरपंच कजोड़ मीणा, आदिवासी सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन आदुका, रिटायर्ड एक्सईएन शिवराम मीणा, लल्लू राम खुर्द, हजारी मास्टर रामनारायण गुरुजी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सम्मेलन समिति के संयोजक रिटायर्ड एसई रामगोपाल मीणा ने बताया कि आगामी बैठक में सम्मेलन की सफलता एवं क्रियान्वयन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा और इसके बाद जोड़ों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया जाएगा।

# विश्व शांति महायज्ञ के लिए उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में कार्यक्रम की स्मारिका का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** दिनांक 22 से 28 सितंबर 2025 तक आयोजित होने जा रहे 25 समवशरण कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज संत में सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने की। बैठक की शुरुआत नौ बार णमोकार मंत्र के जाप से हुई। इसके बाद श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के मंत्री रविंद्र जैन ने मीटिंग के एजेंडा पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया।

विधान और महायज्ञ की तैयारियां वर्षा योग समिति के संयोजक पवन जैन (चौधरी) ने विधान संबंधी सभी तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को सुबह 7:00 बजे स्वर्ण रथ में श्रीजी का विराजमान किया जाएगा। रथ यात्रा श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार, त्रिपोलिया, होपसर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार, बस स्टैंड से होते हुए जैन वाटिका नसीया जी पहुंचेगी। यात्रा के दौरान समस्त जैन समाज के लोग शामिल होंगे और रास्ते में प्रतिष्ठान बंद रहेंगे, यह निर्णय सभा में सर्वसम्मति से लिया गया। महायज्ञ 28 सितंबर तक जैन वाटिका नसीया जी में आयोजित रहेगा। अब तक 650 से अधिक लोगों ने प्रतिदिन लगभग 5 घंटे विधान में बैठने की सहमति दी है। प्रत्येक सायंकालीन समय में शहर के प्रतिष्ठित लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

**सामाजिक सहभागिता और जिम्मेदारियां :** सात दिवसीय कार्यक्रम के लिए विभिन्न समाजों के मंडलों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। श्रीजी के रथ यात्रा के लिए जैन मित्र मंडल को व्यवस्थाओं का संचालन सौंपा गया है। रथ को हाथों से खींचने की जिम्मेदारी ष्ट्र महेश जैन और उनकी टीम को दी गई है।

**स्मारिका का विमोचन :** सहसंयोजक संजय जैन (बरवाड़ा) ने बताया कि उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में कल्पद्रुम महामंडल एवं विश्व शांति महायज्ञ विधान की स्मारिका का विमोचन किया गया।

पाइपलाइन डालने पर पालिका ने जताई सख्त आपत्ति

## आगे से अनुमति लेकर करेंगे काम -पीएचडी



**बढ़ता राजस्थान, रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** मारुति नगर के वार्ड नंबर 5 और 6 में जलदाय विभाग दबंगई सामने आई है। विभाग द्वारा नगर पालिका से अनुमति लिए बिना ही जेसीबी मशीन से सडक़ खोदकर पाइपलाइन डालने का काम शुरू कर दिया गया। उखड़ी सडक़ें क्षेत्रवासियों के लियेआवागमन में परेशानी का कारण बन गयी है। वहीं इस मामले में नगर पालिका ईओ तरुण लहरी ने पीएचडी पर सख़्त नाराजग़ी जताते हुए कहा कि विभाग ने पालिका से किसी भी प्रकार की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं ली है। बिना अनुमति चल रहे इस कार्य को लेकर पालिका ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह का कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं एसडीएम चारू वर्मा ने भी मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि बिना एनओसी पाइपलाइन डालने की शिकायत पर जाँच कराई जाएगी। इस बीच पीएचडी अधिशासी अभियंता सोमेश मेहरा ने सफ़ाई पेश करते हुए कहा कि विभाग केवल कच्ची सडक़ पर पाइपलाइन डाल रहा है। उनके अनुसार पक्की सडक़ को कहीं नहीं काटा गया है और आगे भी नगर पालिका की अनुमति के बिना सडक़ नहीं काटी जाएगी।

## पालिका की रिक्त भूमि पर अतिक्रमण पर लोगो ने की शिकायत

**बढ़ता राजस्थान, रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** बापू कॉलोनी स्थित नगर पालिका की रिक्त भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के बाद मामला गरमा गया है। कॉलोनी के प्लॉट नंबर 50 के सामने खाली पड़ी पालिका भूमि पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कब्ज़े की नीयत से पत्थर डाल दिए और वहां देवी-देवताओं के प्रतीक भी रख दिए। मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की कि जनहित में छोड़ी गई इस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और यहां बगीचा विकसित कर पौधारोपण किया जाए। इस मामले में नगर पालिका ईओ तरुण लहरी ने बताया कि शिकायत मिलने पर पालिका कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जल्द ही पालिका की जेसीबी मशीन से मौके पर पड़े कोटा स्टोन की कतरनों को हटाकर भूमि को साफ़ कर दिया जाएगा।

## 6 घंटे में शहर में 2 महिलाओं के नेत्रदान संपन्न

**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** देर रात कोटा शहर के दो अलग-अलग क्षेत्र में दो महिलाओं का नेत्रदान का कार्य संपन्न हुआ ।शाइन इंडिया फाउंडेशन के साथ नेत्रदान का संकल्प ले चुकी दिवंगत महिलाओ की सूचना संस्था के ज्योति मित्र एवं वरिष्ठ





पत्रकार संजीव सक्सेना ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी धर्मपत्नी नेत्रदान संकल्पित सुमन सक्सेना का आकस्मिक निधन हुआ है, और हम चाहते हैं कि, उनके नेत्रदान संपन्न हो । सूचना प्राप्त होते ही डॉ कुलवंत गौड़ ने, देर रात एक बजे परिवार के सभी सदस्यों के बीच नेत्रदान प्रक्रिया को संपन्न किया । ज्ञात हो कि,अभी 7 माह पूर्व ही, संजीव,राजीव व प्रशांत के पिताजी वरिष्ठ पत्रकार जयनारायण सक्सेना का भी निधन के उपरांत परिजनों ने नेत्रदान संपन्न कराया था । इसी क्रम में श्रीनाथ विला कॉलोनी, भदाना निवासी ओम प्रकाश शर्मा (सेवानिवृत्ति रेल्वे विभाग) की पुत्री शिमला गौतम का आकस्मिक निधन हुआ । शिमला ने काफी समय पहले, नेत्रदान का संकल्प लिया हुआ था, उनकी अंतिम इच्छा अनुसार पिता ओम प्रकाश, माँ सुशीला, भाई चंदन, और अनूप राठोर ने नेत्रदान के लिए डॉ कुलवंत गौड़ को संपर्क किया। डॉ गौड़ ने सुबह भदाना,निवास स्थान पर पहुंचकर नेत्रदान प्रक्रिया को संपन्न किया। नेत्रदान किस प्रक्रिया में डॉ संजय जैन,डॉ रधमेश मित्तल का भी सहयोग रहा ।

## भारतीय जनता पार्टी नैनवां ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न



**बढ़ता राजस्थान, जजावर (पदम शाह)।**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नैनवां ग्रामीण मंडल की बैठक ग्वाला बालाजी परिसर में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस (17 सितंबर) "सेवा पखवाड़ा" के रूप में मनाया जाएगा। यह आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंडल के सेवा पखवाड़ा संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न सेवा व जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी को लेकर आयोजित बैठक में गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई तथा पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। सैनी ने बताया कि 17 सितंबर को पखवाड़े का शुभारंभ मण्डल अध्यक्ष राधाकिशन सैनी, मण्डल महामंत्री मुकेश नागर एवं मण्डल सहसंयोजक राजाराम मीणा के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर कार्यकर्ता ग्वाला बालाजी परिसर में दोपहर 11:30 बजे गायों को हरा चारा डालेंगे, वृक्षारोपण करेंगे, श्रमदान कर परिसर की सफाई करेंगे तथा संगोष्ठी के माध्यम से भाजपा की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे। बैठक को मण्डल अध्यक्ष राधाकिशन सैनी ने भी संबोधित किया। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष शिव शर्मा, मोहनलाल गोमे, रामलक्ष्मण गुर्जर, रामलाल कहार, राकेश चौधरी, मण्डल मंत्री दीवानसिंह बंजारा, रामदयाल जांगिड़, महावीर प्रजापत, मण्डल कोषाध्यक्ष अजयसिंह हाड़ा, मण्डल आईटी संयोजक विमलकुमार नागर, पंचायत समिति सदस्य रेशमसिंह मीना, रमेशचंद नागर (पूर्व सरपंच, रजलावता), बाबूलाल पांचाल, सुरजभान सिंह सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सवा घंटा चला अभियान, कुछ भी नहीं मिला संदिग्ध

# कोटा शहर पुलिस द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा में की औचक सघन चैकिंग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** तेजस्वनी गौतम, पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर ने बताया कि दिनांक 15.09.2025 को सांय 04.40 बजे से सांय 05.15 बजे तक केन्द्रीय कारागृह कोटा में अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) कोटा एवं दिलीप कुमार सैनी, अति. पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर के निर्देशन में गंगासहाय शर्मा, वृत्ताधिकारी वृत्त द्वितीय कोटा शहर, मनीष शर्मा, वृत्ताधिकारी वृत्त चतुर्थ कोटा शहर, लोकेन्द्र पालीवाल, वृत्ताधिकारी वृत्त पंचम कोटा शहर, हरिराम सोनी उपाधीक्षक पुलिस,एससी/एसटी सैल कोटा शहर व 20 थानाधिकारीगणों सहित भेरू सिंह राठौड, जेल अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह कोटा, रोहित कौषिक, कार्य. उप अधीक्षक एवं कारापाल, सुरेश पुरोहित, उपाधीक्षक, (प्रशिक्षु) केंद्रीय कारागृह, हरिकेश मीणा, कारापाल, धारा सिंह, कारापाल, सुश्री फरजाना बानो, कार्य उपकारापाल, महिला बंदी सुधार गृह समेत 170 पुलिस/जेल कार्मिकों द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा के बंदियों के सामान, बैरिक, लंगर, अस्पताल, हार्डकोर वार्ड की मेटल के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से सघन तलाशी ली गई। सघन चैकिग एव तलाशी के दौरान कारागृह एव बंदियो के पास कोई अवैध/निषिद्व सामग्री बरामद नही हुई।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन सामरिया का कुन्डाल में स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा/कोटा।** रूणिचा बाबा रामदेव जन्मोत्सव मेघवाल समिति उपाध्यक्ष राजेन्द्र उत्तम ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन सामरिया का जनसंपर्क के दोरान कुन्डाल रावतभाटा क्षेत्र के गावं मोहनपुरा,धारडी आदि गावों में भव्य स्वागत किया। रामरतन सामरिया का जगह जगह समाज के लोगों ने साफा पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया । रामरतन सामरिया ने उदबोधन में बताया में समाज की एकता का काम रहा हूँ और उनकी समस्याओं का समाधान करवा रहा हूँ। समाज में गरीब लोगो की कोई कदर नहीं करता है न उनकी कोई हेल्प करता है उनकी मदद भी कोई नहीं करता है इसलिए सम्पूर्ण गावों में घूम घूम कर ग्रामीण क्षेत्र के असहाय गरीब अनाथ लोगो को मोटीवेशन दे रहा हूँ। सम्पूर्ण मेघवाल समाज की एकता गरीबों की मदद उनको आगे बढाने के लिए रूणिचा बाबा रामदेव जन्मोत्सव मेघवाल समिति काम कर रही है। और कोटा में बाबा रामदेवजी व डाली बाई का विशाल मंदिर व बाबा रामदेव मेघवाल निशुल्क शिक्षण संस्थान खोलने तथा बाबा रामदेव जी का कोटा मे छोटा रूणिचा के नाम से मेला लगवाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

# महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस सोमवार को कोटड़ी चौराहे स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम के नेतृत्व में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम रहीं। राखी गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि महिला कांग्रेस देश की आधी आबादी की सशक्त आवाज है। संगठन ने हमेशा महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और हक की लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस ने महिलाओं का अलग प्रकोष्ठ बनाकर महिलाओं के लिए राजनीति में नए द्वार खोले हैं,आने वाले समय में महिला कांग्रेस राजनीति, समाज और विकास की मुख्यधारा में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगी। इस मौके पर शालिनी गौतम ने कहा कि महिला कांग्रेस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि हर महिला की आशा, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की पहचान है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक महिला तक कांग्रेस पार्टी का संदेश पहुँचे और वे आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव मालती शर्मा,सेवादल महिला जिलाध्यक्ष माया जैन, डीसीसी सचिव मंजू चौधरी,पूर्व पार्षद लक्ष्मी वर्मा, कमलेश शर्मा,अंजना गौतम, शशिप्रभा उदावत, राजेश सेन,शिखा खंडेलवाल, अप्सरा अंसारी, कृषिका लालवानी, परवीन, शबनम, रुखसार, जाहिदा, सज्जन बाई, राशीदा, नसीम बेगम, सुरइया अंसारी, सुमन बागड़ी आदि उपस्थित रहे।

## कॉलोनियों में बारिश का पानी भरा होने के चलते लोगों को समस्याओं का करना करना पड़ रहा है सामना

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर की जय अंबे कॉलोनी और जनता कॉलोनी सहित ,अन्य कॉलोनीयों में बारिश का पानी भरा होने के चलते लोगों को खांसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कॉलोनी में भरे पानी की निकासी की समस्या से नगर परिषद को अवगत कराने के बाद भी ,पानी की निकासी नहीं की गई, तो आज कांग्रेसी पार्षद सहित कॉलोनी के लोगों ने जमकर नगर परिषद में हंगामा किया ,नारेबाजी करते हुए नगर परिषद को घेरा, और आयुक्त के चेंबर में पहुंच गए। जहां पर नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा के चेंबर में आयुक्त का घेराव करते हुए, जमकर प्रदर्शनकारी महिलाएं और पार्षदों द्वारा आयुक्त को खरी खोटी सुनाते हुए ,कहा कि समय पर पानी की निकासी और, पक्का सडक़ निर्माण ,कॉलोनीयो में नहीं हुआ तो और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी जाते हैं आते हैं, आश्वासन देते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तीन से-चार बार नगर परिषद को अवगत करवा दिया ,लेकिन हालात जस के तस बने हैं ,आज भी बरसाती पानी कॉलोनीयो में भरा है ,जिसके चलते एक व्यक्ति की तो पूर्व में जान भी जा चुकी है । लेकिन नगर परिषद कोई सुनवाई नहीं कर रही , ओर आज नगर परिषद आयुक्त का घेराव किया । इस पश्चात नगर परिषद आयुक्त ने कॉलोनी की समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान करने के लिए टीम को गठित कर रवना भी कर दीया । वहीं कॉलोनी के बाशिन्दों को कहना है, कि अगर समय रहते पानी की निकासी और सडक़ निर्माण नहीं किया गया ,तो और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कॉलोनी वासियों के साथ कांग्रेस के पार्षद टीकम जैन, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, कांग्रेस शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, पार्षद विजय सिंह गहलोत, इरफान इलू, हेमंत वर्मा , जितेंद्र दाधीच

बनवारी किराड़, कॉलोनी वासी सुनीता बाई , देवकन्या, मीना, पूजा, चंद्रकला सहित कई महिला एवं पुरुष मौजूद थे ।

## संत कबीर के मानवता वादी विचारों से होगी देश में शांती की स्थापना- संत प्रभाकर साहेब

बढ़ता राजस्थान


**राजनांदगांव/कोटा।** राजानंद पदम श्री गोविन्दराम निर्मलकर आडिटोरियम में जिला कबीर पंथ समाज के तत्वाधान में दो दिवसीय सद्गुरु कबीर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख कबीर पंथाचार्यो, सर्वधर्माचार्यों व विद्वानों द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया,और कबीर की वाणी विचारों,आदर्शों, सिद्धान्तों ,उपदेशों को वर्तमान समय परिस्थितियों में सर्वाधिक प्रासंगिक व व्यावहारिक बताया। इस अवसर पर शिक्षा नगरी कोटा से पधारे मुख्य प्रवक्ता संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि भारतीय संत परम्परा में सद्गुरु कबीर का विशिष्ट स्थान है। कबीर साहेब ने जाति पांत वर्ग भेद से ऊपर उठकर मानवता की बात की इसलिए वो सबके चहेते बने। संसार के झगडों को मिटाना है तो मानवता को जगाना होगा। मनुष्य को सम्मान देना होगा। आज वस्तुओं की कीमत बढी है लेकिन मनुष्य की कीमत घट रही है। प्रभाकर साहेब ने आगे कहा कि श्रृष्टि में मनुष्य को ही वाणी का वरदान प्राप्त है किंतु इसका उपयोग करना न आये तो यह अभिशाप बन जाती है, वाणी के गलत उपयोग के कारण तब ही नहीं अब भी महाभारत हो जाता है। ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए कबीर साहेब का सूत्र -वाणी एक अमोल है जो कोई बोले जान।

बूंदी सीएमएचओ कार्यालय में पदोन्नति के बाद भी पद नहीं छोडऩे का मामला

## बाबू की जांच शुरू होने के बाद भी एपीओ नहीं किया

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, बूंदी में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक बाबू, राजकुमार शर्मा, को 2021 में पदोन्नति मिली थी, लेकिन उन्होंने नया पदभार ग्रहण करने के बजाय अपने पुराने पद पर ही बने रहना पसंद किया। अब इस मामले की जांच के आदेश सीएमएचओ ओ.पी. सामर द्वारा करवाई जा रही हैं , लेकिन जांच के बावजूद उन्हें उनके पद से नहीं हटाया गया है, जबकि अन्य कर्मचारियों को ऐसे मामलों में तुरंत एपीओ (अवेटिंग पोस्टिंग ऑर्डर) कर दिया जाता है।

**क्या है पूरा मामला? :** राजकुमार शर्मा, जो लंबे समय से सीएमएचओ कार्यालय में एलडीसी (लोअर डिवीजन क्लर्क) के पद पर कार्यरत थे, को 2021 में यूडीसी (अपर डिवीजन क्लर्क) के पद पर पदोन्नत कर नैनवा ब्लॉक के गुढ़ा देवजी में पदस्थापन सरकार द्वारा किया गया था। लेकिन, उन्होंने इस पदोन्नति को स्वीकार नहीं किया और पद त्याग दिया। इसके बावजूद, 2022 में उन्होंने खुद को 'कागजों में यूडीसी' घोषित कर लिया, जिसमें तत्कालीन सीएमएचओ 1.01.2021 से 3.8.22 तक महेंद्र त्रिपाठी रहे थे ।

**जांच के बावजूद पद पर बने हुए हैं बाबू :** इस मामले की शिकायत के बाद, अब राजकुमार शर्मा के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा तीन जांच दलों को यह मामला सौंपा गया है। नियमों के अनुसार, जब किसी कर्मचारी के खिलाफ जांच चल रही हो, तो उसे जांच को प्रभावित होने से रोकने के लिए तुरंत मूल पद से हटाकर एपीओ कर दिया जाता है। हाल ही में सीएमएचओ ने कई अन्य मामलों में फील्ड स्टाफ को एपीओ किया भी है, लेकिन इस मामले में राजकुमार शर्मा को अब तक एपीओ नहीं किया गया है। आरोप है कि राजकुमार शर्मा अपने पद पर बने रहने के लिए अधिकारियों पर लगातार दबाव बना रहे हैं।

दशहरा मेला अधिकारी अनुराग भार्गव का ट्रांसफर

# ओम प्रकाश मेहरा होंगे नगर निगम दक्षिण आयुक्त वीरेंद्र सिंह यादव को एडीएम सिटी लगाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आरएएस के 222 अफसरों का ट्रांसफर किया हैं। इस फेरबदल में जिला स्तर पर भी 11 विभागों में बदलाव किया गया है, जिनमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार चौधरी, कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव ,जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, केडीए सचिव कुशल कुमार कोठारी सहित अन्य का तबादला प्रमुख है। 2016 बेच के आईएएस हरफूल यादव को अतिरिक्त आयुक्त सीएडी के पद से प्रशासनिक कारणों से एपीओ किया है। हरफूल के पास केडीए का भी चार्ज है। कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले की तैयारी में लगे है। वो दशहरा मेला अधिकारी भी है।

वीरेंद्र सिंह यादव एडीएम सिटी, ओम प्रकाश मेहरा होंगे कोटा नगर निगम दक्षिण आयुक्त

सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य महिला आयोग वीरेंद्र सिंह यादव को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कोटा (एडीएम सिटी) लगाया है। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा ओम प्रकाश मेहरा को कोटा दक्षिण नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त लगाया है। उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग कोटा, कमल कुमार मीणा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद की जिम्मेदारी दी है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बारां, दिवांशु शर्मा को उपनिदेशक (क्षेत्रीय )स्थानीय निकाय विभाग कोटा लगाया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम सिटी) मुकेश कुमार चौधरी को कोटा विकास प्राधिकरण सचिव, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह को कोटा विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी दी है। कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कुमार कोठारी को अतिरिक्त आयुक्त सीएडी लगाया है।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, हर्षित वर्मा को उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण के पद पर लगाया है। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सरिता वर्मा को जिला आबकारी अधिकारी कोटा के पद पर लगाया है।भंवर लाल जनागल को जिला आबकारी अधिकारी पद से हटाकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बारां के पद पर लगाया है।कोटा विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार भावना शर्मा को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया है।

# शिक्षा मंदिरों में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (नि.स.)।** कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय प्रवास के दौरान शिक्षकों एवं अधिकारियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रहित, अनुसंधान, रोजगारपरक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को अनुसंधान के माध्यम से समाज व राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी चाहिए तथा ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी चाहिए, जिससे विद्यार्थी रोजगारोन्मुख बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि शोध कार्यों में भारतीयता का समावेश अनिवार्य रूप से होना चाहिए और प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह से पूर्व दीक्षांत समारोह आयोजित किए जाएं। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, पुस्तकों के निर्माण एवं त्रष्ट दिशानिर्देशों के पूर्ण पालन की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही विद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु उपलब्ध छात्रवृत्तियों की जानकारी देने तथा कॉलेजों व महाविद्यालयों में पेयजल, शौचालय एवं भवन जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के लिए हूर्रष्ट प्रत्यायन को अनिवार्य बताते हुए स्पष्ट किया कि जो संस्थान इस दिशा में प्रयास नहीं करेंगे, उनकी संबद्धता समाप्त की जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को गुणवत्ता सुधार हेतु सभी संस्थानों को नैक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए आय-वृद्धि के उपाय सुझाए और वित्तीय लेन-देन में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैसे विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों पर व्यय करते हैं, वैसे ही विश्वविद्यालयों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उपयुक्त शुल्क लेना चाहिए, ताकि संस्थान शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सकें। साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्तियों हेतु आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में हो रहे अतिक्रमण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से निजी अतिक्रमण हटाने का सहयोग मांगा तथा रेलवे भूमि से संबंधित मामले में रेल मंत्रालय से पत्राचार कर राजभवन को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय को परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु शीघ्र कंपाउंड वॉल निर्माण करने पर बल दिया। उन्होंने पूर्व छात्रों के अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित करने और प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित करने का सुझाव दिया।

साथ ही विदेशों में कार्यरत विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को ऑनलाइन लेक्चर हेतु जोडऩे पर भी बल दिया। राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा एवं शोध की धारा को पुनर्जीवित करने में यह नीति प्रभावी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यापक शैक्षणिक सुधारों के माध्यम से ही भारत का बौद्धिक रूप से सशक्त निर्माण संभव है। इस अवसर पर कुलपति सुरेश कुमार अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों, नवाचारों तथा वर्तमान अवस्थिति का प्रस्तुतिकरण दिया और अपने कार्यकाल के दौरान किए गए प्रयासों की जानकारी साझा की।

## देवगढ़ उप जिला चिकित्सालय का कलक्टर ने किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सोमवार को देवगढ़ स्थित उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत बिंदल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे। कलक्टर ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, आईपीडी, दवा वितरण काउंटर, जांच सुविधाओं सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से अवलोकन किया तथा स्टाफ से चर्चा कर कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने और अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ सेवा भाव से व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलक्टर हसीजा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही चिकित्सा योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना और मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के प्रभावी संचालन पर बल देते हुए अस्पताल परिसर में स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध प्रक्रिया के तहत परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी मरीजों तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अस्पताल स्टाफ को जागरूक और सक्रिय रहने को कहा। कलक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि टीम भावना और सेवा भावना से कार्य कर जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

## फसल बीमा योजना में जंगली जानवरों से फसल क्षति को शामिल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ एवं नाथद्वारा के विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जंगली जानवरों, विशेषकर सूअरों द्वारा की गई फसलों की क्षति को शामिल किए जाने की मांग की है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राजसमंद और आसपास के क्षेत्रों में कृषि ही आजीविका का प्रमुख साधन है, लेकिन जंगली जानवरों, खासकर सूअरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक हानि झेलनी पड़ रही है। वर्तमान में इस प्रकार की क्षति फसल बीमा योजना के दायरे में नहीं आती, जिसके कारण किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाता और उनकी आर्थिक स्थिति और भी खराब हो जाती है। सांसद और विधायक ने आग्रह किया है कि किसानों के व्यापक हित में फसल बीमा योजना में जंगली जानवरों द्वारा की गई क्षति को भी शामिल किया जाए, ताकि पीड़ित किसानों को मुआवजा मिल सके और वे आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर एवं सक्रिय हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## सीएससी पर ताला, घायल को इलाज न मिल सका

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** रविवार देर रात सडक़ दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को लेकर एंबुलेंस कर्मी जब छौकरवाड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) पर पहुंचे, तो वहां गेट पर ताला लटका मिला। इससे घायल को तत्काल इलाज नहीं मिल सका और एंबुलेंस कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेडली मोड़ थाना क्षेत्र से किसी व्यक्ति के सडक़ दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलने पर एंबुलेंस उसे लेकर रात करीब 9:44 बजे सीएससी छौकरवाड़ा पहुंची थी, लेकिन वहां कोई भी चिकित्साकर्मी मौजूद नहीं था और गेट बंद मिला।

## जिला अस्पताल में दो घंटे गुल रही बिजली



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के सामान्य अस्पताल, जिसे हाल ही में जिला अस्पताल का दर्जा दिया गया है, में सोमवार सुबह करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित रहीं। उमस भरी गर्मी के बीच भर्ती मरीजों को जहाँ भारी परेशानी उठानी पड़ी, वहीं लैब में जांच कार्य रुक गए, एक्स-रे सेवा बंद रही और पर्चा काउंटर पर पर्चे भी नहीं बन सके। बिजली गुल होने से अस्पताल के वार्डों में पंखे बंद हो गए और स्टाफ को लैब में टॉर्च की रोशनी में जांच करनी पड़ी। इस दौरान परामर्श लेने पहुंचे मरीज और उनके परिजन भी उमस व अव्यवस्था के बीच परेशान होते रहे। अचानक आई इस स्थिति को लेकर लोगों ने अस्पताल परिसर में विरोध भी जताया, लेकिन अस्पताल प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं दिखा। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में पहले से ही वरिष्ठ सर्जन और फिजिशियन की नियुक्ति नहीं है। महिला सर्जन होने के बावजूद ऑपरेशन थिएटर बंद पड़ा है, सोनोग्राफी कक्ष पर ताला लटका हुआ है और अन्य आपात सुविधाएँ भी लंबे समय से बंद हैं। लगातार अव्यवस्थाओं से जूझ रहे अस्पताल में अब बिजली समस्या ने भी मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा जिला महामंत्री अभिषेक यादव ने कहा कि अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने इस संबंध में पूर्व में पीएमओ को भी अवगत कराया था, लेकिन किसी स्तर पर सुधार नहीं हुआ। इस संबंध में जब अस्पताल प्रशासन से जानकारी ली गई तो एकाउंटेंट मोदी ने बताया कि अस्पताल परिसर में बिजली मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था, संभवतः इसी कारण कुछ हिस्सों में अस्थायी रूप से आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने दावा किया कि पूरे अस्पताल की बिजली बंद नहीं थी और कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए लगातार ध्यान दिया जा रहा है।

## अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस आज इंदिरा भवन स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर देशभर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारीगण उपस्थित रहीं और संगठन को मजबूत बनाने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए सतत संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। राजस्थान से भी महिला कांग्रेस की पदाधिकारीगण सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए उपस्थित रहीं और प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का विश्वास दिलाया।

कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की अब तक की उपलब्धियों और संघर्षों को याद करते हुए यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर जिला धौलपुर की रहने वाली प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस राजस्थान एवं प्रभारी भरतपुर लीना शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस सदैव महिलाओं की आवाज़ बुलंद करती आई है और भविष्य में भी हर मोर्चे पर महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## विशिष्ट प्रतिभागियों को दिए जाएंगे 'लौह पुरुष एकता अवार्ड'

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जयपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस का समापन महोत्सव राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में होगा।



समारोह की अध्यक्षता हुकुम चन्द्र गणेशिया, कुलपति, रोमा इंटरनेशनल कल्चर विश्वविद्यालय, नई दिल्ली करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल का योगदान अमूल्य रहा है। उन्होंने देश की अनेक रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनके प्रयासों की स्मृति में ही हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

**'लौह पुरुष एकता अवार्ड' से सम्मानित होंगी प्रतिभाएँ:** इस अवसर पर शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं को 'लौह पुरुष एकता अवार्ड' प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मान सरदार पटेल के आदर्शों और उनके एकता संदेश को समर्पित रहेगा।

**संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस का होगा समापन:** मंच के मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर ने बताया कि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस का समापन भी किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य वसुधैव कुटुम्बकम्, ग्लोबल विलेज और सत्यम शिवम् सुंदरम की अवधारणाओं को बढ़ावा देकर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाना है।

## विश्व ओजोन दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर सोमवार को रणछोड़ लाल पालीवाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय जावद, धोइंदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक जेलिया ने ओज़ोन परत के महत्व, उसे नुकसान पहुँचाने वाले कारकों और उसके संरक्षण हेतु आवश्यक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

जेलिया ने बताया कि मण्डल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओज़ोन परत क्षय जागरूकता के तहत पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया। कक्षा 1 से 5 में रमेश भील प्रथम, लक्ष्य यादव द्वितीय तथा लक्ष्मी भील तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 से 8 में सीता भील प्रथम, पूजा मेघवाल द्वितीय तथा परिधि लौहार तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विशाल, देवकिशन एवं राधिका के दल ने प्रथम स्थान, पायल, वंदना एवं अंजली के दल ने द्वितीय तथा सीता, रेखा एवं कमला के दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्कूल बैग और स्टील की बोतलें देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका किरण पालीवाल तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा सभी विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।

**कलेक्ट्रेट में भी हुई जागरूकता बैठक:** इसी क्रम में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इसमें अशोक कुमार जेलिया ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से ओजोन परत क्षय के कारणों और संरक्षण उपायों की जानकारी दी। वीसी के माध्यम से जिले के समस्त उपखण्ड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी जुड़े। एडीएम ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में ओजोन परत संरक्षण से जुड़ी जानकारी पावर पॉइंट प्रस्तुति के रूप में दी जाए, जिससे विद्यार्थियों और जनसामान्य में व्यापक जागरूकता फैलाई जा सके।

## हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बड़ी ((राजू शर्मा))।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा बड़ी की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में यीशु वाले हनुमान जी मंदिर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाकर दीक्षित ने की, जिन्होंने हिंदी भाषा के स्वरूप और महत्व पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सत्यदेव चंसौरिया द्वारा कंठ में आ विराजो वीणा वादिनी सरस्वती वंदना से हुई।

इसके पश्चात् नवोदित शायरा अलीना अब्बासी ने मार्मिक काव्य प्रस्तुत किए, जिनमें तुम क्यों उठा रहे हो जमाने पर उंगलियां, आइना अपने सामने लाकर तो देखिए और तेरे घर में नहीं उजाला, मेरा दीपक बुझाने वाले शामिल थे। इसके बाद रसखान इब्राहिम खान ने हम भारत के वासी हैं, यह बात अभी भी जिंदा है, मजहब हमारे अलग-अलग लेकिन भाषा तो हिंदी है और मुझे मालूम है जन्नत की चाबी मेरी मां है, मैं लगा रहता हूं पैरों को दबाने में प्रस्तुत किए। राम अवतार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य, ने अपने लोकगीत "हिंदी बिन होइ न गुजारो, अंग्रेजी पिया विसारो" के माध्यम से हिंदी भाषा का महत्व रेखांकित किया। वहीं रवि यादव ने लोकगीत "आ जाओ मिलकर भैया डायबिटीज भगाएकै, लोगों की जान बचाईकै" प्रस्तुत किया। अंत में सत्यदेव चांसौरिया ने "हिंदी माता अपने ही घर में बैठी बन दुखियारी है" कविता प्रस्तुत कर हिंदी भाषा पर दुख व्यक्त किया और उत्तराखंड की प्राकृतिक आपदा का मार्मिक वर्णन किया। इस काव्य संध्या में प्रभाव शर्मा, श्याम सुंदर, वैभव शर्मा, अशोक शर्मा (प्राचार्य), रामनाथ शर्मा, महेश कुमार, महेंद्र सिंह, नंदराम यादव, ओमवीर सिंह, राधे जी, विक्की, टिंकू यादव, महाराज सिंह, गोपाल दास सहित मंदिर के अधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**17 वर्ष वर्ग में 17 टीमें और 19 वर्ष वर्ग में 20 टीमें भाग ले रही हैं**

# 69वीं जिला स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं के लिए आयोजित 69वीं जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज पी.एम. महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाड़ा हैदरशाह में उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक खेल-कूद बिजेंद्रसिंह कोली ने की, जबकि प्रधानाचार्य नरेश जैन, उप प्रधानाचार्य कविता मीणा और मुख्य निर्णायक विजय उदेनिया विशिष्ट अतिथि रहे।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती पूजन से हुई। तत्पश्चात् सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य एवं सहसंयोजक नरेश जैन, अनीता द्विवेदी और संगीता पराशर द्वारा फूलमाला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के भामाशाहों को पगड़ी और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि बिजेंद्रसिंह कोली ने कहा कि खेल छात्रा के मानसिक और शारीरिक संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकारी सेवाओं में अवसरों का मार्ग आसान हो जाता है। प्रधानाचार्य नरेश जैन ने खेल में अनुशासन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हार-जीत मायने नहीं रखती, लेकिन अनुशासन से जीत निश्चित है। उप प्रधानाचार्य कविता मीणा ने सभी निर्णायकों से अपील की कि वे निष्पक्ष निर्णय लें ताकि किसी प्रकार का विवाद न उत्पन्न हो।

मुख्य निर्णायक विजय उदेनिया ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में कबड्डी, तीरंदाजी, हॉकी और अन्य खेल आयोजित किए जाएंगे। 17 वर्ष वर्ग में 17 टीमें और 19 वर्ष वर्ग में 20 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें लगभग 265 छात्राओं की भागीदारी है। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी।

कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा, चन्द्रभान चौधरी, रामप्रकाश गुर्जर, शैलेन्द्र चौधरी, हरगोविंद शर्मा, अमरसिंह, अनिता चौधरी, रेखा त्यागी, सुष्मिता शर्मा, पूजा नर्सल, योगेश्वरी, अनीता द्विवेदी, गीतांजलि, निवेदिता शर्मा, बनारसी, संतोष कुमारी, सुमन चौधरी और बलवीर परमार सहित कई शिक्षक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## फ्रिज रिपेयरिंग दुकान में चोरी, 25 हजार नकद व सामान ले उड़े चोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के मुख्य बाजार नेहरू गेट बाहर स्थित धनलक्ष्मी रेफ्रिजरेटर नामक फ्रिज रिपेयरिंग दुकान में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई। अलसुबह अज्ञात चोर दुकान में घुस गए और गल्ले से करीब 25 हजार रुपए नकद, पीतल के बंडल तथा 25-30 किलो बोल्ट चुरा ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है सूत्रों के अनुसार दुकान मालिक अमित गहलोत जब सुबह दुकान खोली तो गल्ला टूटा हुआ और सामान गायब मिला। उन्होंने तुरंत सिटी थाना पुलिस को सूचना दी। चोरी की खबर फैलते ही आसपास के व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी कर चोरी का माल बरामद करने की मांग की है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## मेवाड़ सेवा संस्थान ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान कर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** ग्राम मांगरोल में प्रगतिशील मेवाड़ सेवा संस्थान द्वारा रविवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से 11वीं तक के 105 विद्यार्थियों को पेन, कॉपियां, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि अध्ययन सामग्री वितरित की गई। साथ ही परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह और पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहारी लाल सोलंकी (प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद) रहे। अध्यक्षता संपत लाल राठौर (प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी सोलंकी (प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद महिला प्रकोष्ठ), राजन गाँवरी (अध्यक्ष), कृष्ण चंद्र लोट (संरक्षक, प्रगतिशील मेवाड़ सेवा संस्थान) और सीता देवी लोट (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका) मंचासीन रहे। समारोह की शुरुआत भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई।

## अशोक कोठारी ने चारागाह विकास को लेकर सरकार को लिखा पत्र, ग्राम सभाओं में प्रस्ताव शामिल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश में चारागाहों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व विकास को लेकर राज्य सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, पंचायती राज मंत्री और प्रमुख शासन सचिव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना में चारागाह विकास से जुड़े प्रस्ताव अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं।

कोठारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि राजस्थान की कुल 3.42 करोड़ हेक्टेयर भूमि में मात्र 4.86 प्रतिशत (16.38 लाख हेक्टेयर) क्षेत्र ही चारागाह के रूप में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि चारागाह न केवल पशुधन के लिए चारे का मुख्य स्रोत हैं, बल्कि गांवों में पारिस्थितिक संतुलन और जल संचयन क्षमता को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने चिंता जताई कि चारागाहों के अभाव और उपेक्षा के कारण प्रदेश में विलायती बबूल का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे भूमि बंजर हो रही है और देशी घास की प्रजातियां नष्ट हो रही हैं। इसके समाधान के लिए उन्होंने चारागाह भूमि पर सेवण, धामण और रोहिड़ा जैसी देशी घास प्रजातियों का रोपण करने का सुझाव दिया। कोठारी ने मांग की कि मनरेगा और जलग्रहण योजना के तहत वर्ष 2026-27 में प्रत्येक गांव में कम से कम 15 हेक्टेयर चारागाह भूमि विकसित की जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर चारागाह विकास समितियां गठित कर सामुदायिक अधिकारों को मजबूत किया जाए।

## धर्मांतरण विरोधी विधेयक पारित होने पर कपासन में विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री का जताया आभार




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का धर्मांतरण विरोधी विधेयक पारित होने पर आभार जताया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने बताया कि नगर कपासन के सांवरिया रिसॉर्ट में प्रांत आयाम बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पारित होने पर आभार व्यक्त किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा ने बताया कि वीएचपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार एवं राजस्थान के संगठन मंत्री राजाराम की अगुवाई में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंटकर राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुवे बताया कि वीएचपी इस कानून को बनाने हेतु काफी लंबे समय से प्रयासरत थी।वीएचपी प्रांत सहमंत्री सुंदरलाल कटारिया ने बताया कि आदिवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन का कार्य लंबे समय से संचालित है।

भारत कभी न झुका है, न झुकेगा - कटारिया का ब्यावर में उद्गार

# भारत का मस्तक सदैव ऊँचा रहेगा - महामहिम गुलाबचंद कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया सोमवार अल्प प्रवास पर ब्यावर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। होटल पलासिया में आयोजित स्वागत समारोह में जगह-जगह कार्यकर्ताओं के उल्लासपूर्ण स्वागत से महामहिम गद्गद हो उठे।इस अवसर पर संबोधित करते हुए महामहिम ने कहा कि भारत कभी विदेशी ताकतों के सामने न झुका है और न ही कभी झुकेगा। आज का भारत सक्षम नेतृत्व में दुनिया के सामने अपनी ताकत का परिचय दे रहा है। भारत का कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, हम सदैव वसुधैव कुटुंबकम की भावना से समस्त मानवता के सुख की कामना करते हैं। परंतु भारत विरोधी हर आवाज का माकूल जवाब देने की क्षमता भारत में है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया, वहीं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने साल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। शिक्षक संघ रुक्टा, अधिवक्ता संघ एवं जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अभिनंदन कर अपने प्रिय नेता से आत्मीय संवाद किया।पत्रकारों से बातचीत के दौरान महामहिम कटारिया ने वर्तमान केंद्र सरकार के निर्णयों को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि आज विश्व भारत की ताकत को स्वीकार कर रहा है।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन जैन, चेतन गोयर, तुलसी बोथरा, भूदेव आर्य, लक्ष्मण सिंह हुडा, बलवंत सिंह मुछल, दौलतराज जैन, बृजकिशोर शर्मा, शिवप्रकाश सामरिया, करण सिंह रावत, संतोष रावत, जय सिंह सुहावा, प्रदीप सिंह रावत, कुशाल सिंह मालावत, डूंगर सिंह रावत, नरेश मित्तल, जितेंद्र कावडिया, प्रभु सिंह रावत, कानाराम गुर्जर सहित अनेक मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और आत्मीयता से ओतप्रोत इस स्वागत समारोह ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।



## लोकतंत्र बचाओ तिरंगा पद यात्रा के साथ कांग्रेस सेवादल शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** कांग्रेस सेवादल ब्यावर जिला शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संगठन सृजन सहयोगी प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को लोकतंत्र बचाओ तिरंगा पद यात्रा निकालकर किया गया।शिविर का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ हुआ था। समापन दिवस पर ध्वज रक्षक की भूमिका विजयनगर सेवादल अध्यक्ष रामलाल नागवाड़ा ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मसूदा विधायक व कांग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश पारीक तथा विधानसभा प्रत्याशी पारसमल जैन पंच मौजूद रहे। अध्यक्षता संभाग प्रभारी विजय नागौरा ने की।सुबह 11 बजे मेवाड़ी गेट से प्रारंभ हुई तिरंगा पद यात्रा मुख्य बाजार, चांग गेट, चिम्मन सिंह लोढ़ा सर्किल, डॉ. भीमराव आंबेडकर सर्किल होते हुए महात्मा गांधी सर्किल पर संपन्न हुई। यात्रा में भारी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता शामिल हुए।

इसके बाद ओंकारेश्वर गार्डन में शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ, जहां शिविर में भाग लेने वाले श्वेत सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर दिल्ली से पधारी प्रशिक्षक विशाखा शर्मा, संभाग प्रभारी विशंभर शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक महेश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता ऋषि लम्बा और अशोक मीणा ने सेवादल कार्यकर्ताओं को संगठन की अनुशासन, निडरता और सेवा भावना पर मार्गदर्शन दिया।पूर्व विधायक राकेश पारीक ने कहा कि कांग्रेस सेवादल एक अनुशासित संगठन है और समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित करना आवश्यक है। वहीं, पारसमल जैन पंच ने बाहर से आए प्रशिक्षकों और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बर सरपंच महेंद्र सिंह चौहान, कांग्रेस सेवादल की राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव कल्पना भटनागर, विजयनगर, जैतारण और बर विधानसभा क्षेत्रों से भी सेवादल के कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। पद यात्रा और शिविर समापन कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल की अनुशासनबद्ध और उत्साही भागीदारी देखने को मिली।

## 69वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** उपखंड मुख्यालय के समीपवर्ती टाई ग्राम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टाई में 17-19 वर्ष आयु वर्ग की छात्र-छात्रा खिलाडियों की 69वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत उंखलिया प्रशासक ओंकारलाल धाकड़, भारतीय जनता पार्टी नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, पूर्व सरपंच विनोद धाकड़, सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कुमार उपाध्याय सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय प्रधान राकेश यादव ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा और इसमें सहभागी विद्यालयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चित्तौडगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों से 17-19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्रा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

मुख्य अतिथि अशोक नवलखा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें और हार से निराश न होकर उससे सीख लेकर भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने खिलाडियों को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की ओर से भी शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली और खिलाडियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. आशीष टांक, अंतरिक्ष साहू, अनिल कुमार सोमानी (प्रिंसिपल, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल), नंदकिशोर तोतला, दशरथ धाकड़, बगदीराम धाकड़ सहित मुख्य निर्णायक, सहायक निर्णायक, अध्यापक-अध्यापिकाएं और जिलेभर से आए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कपासन में आयोजित चिकित्सकीय जांच शिविर में 60 रोगियों की जांच

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** कपासन -नगर माहेश्वरी सभा एवं श्री रामद्वारा ट्रस्ट के के संयुक्त तत्वावधान में अहमदाबाद के विशेषज्ञ डॉ. जैमीन पटेल एवं इनके दल के सहयोग से आमजन हेतु निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे पीएफटी टेक्नीशियन शुभम सैजा, मेडिकल ऑफिसर भार्गव पटेल,फार्मासिस्ट कौशिक पंचाल एवं पार्थ रावल द्वारा टीबी,निमोनिया,अस्थमा, एलर्जी,फेफड़ों में पानी व हवा भर जाना,नींद में खर्राटे की बीमारी,फाइब्रोसिस पलमोनरी,हाइपरटेंशन फेफड़े का कैंसर इत्यादि बीमारियों संबंधी शिविर में जांच की गयी।इससे पूर्व उक्त चिकित्सकीय जांच शिविर का अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत कीमतराम महाराज अहमदाबाद के सानिध्य में जिला तदर्थ समिति के प्रतिनिधि रविंद्र सोमानी एवं श्री रामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदर सोमानी,नगर अध्यक्ष अशोक कुमार काबरा,नगरमंत्री राकेश सोमानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

## भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा ने संदीप ग्रुप के चैयरमेन व डायरेक्टर राठी का किया अभिंनदन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** ऑटोमोबाइल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित ऑटो रिटेल डीलर एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करने पर भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा की ओर से गोपाल राठी (चेयरमैन, संदीप किया ग्रुप) और कृष्णा राठी (डायरेक्टर) का सम्मान किया गया। सभा द्वारा दोनों को दुपट्टा ओढ़ाकर और बुके भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सभा के जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, जिला मंत्री रमेश राठी, अर्थमंत्री सुशील मरोटिया, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र पोरवाल, प्रमोद डाड, पंकज पोरवाल सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष बाहेती ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल माहेश्वरी समाज, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। ऑटो डीलरशिप एक्सीलेंस अवार्ड, जो ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था, उसमें देशभर से 1400 नामांकन हुए थे। इनमें से भीलवाड़ा स्थित संदीप किया (यूनिट ऑफ संदीप मोटर्स ग्रुप) ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महिंद्रा, टाटा, टोयोटा, मारुति, फोक्सवैगन, स्कोडा, होंडा, एमजी जैसी देश-विदेश की नामी ऑटोमोबाइल कंपनियों के डीलर शामिल थे।

# सभी वाणिज्यिक वाहन चालक अब 8 घंटे ही चलाएंगे वाहन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों एवं राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा, परिवहन निरीक्षक भागचन्द नवल एवं श्रम कल्याण अधिकारी मुकेश कुमार ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर अधिनियम 1961 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, वाहन संचालकों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों को अधिनियम की प्रस्तावना, प्रारूप एवं पंजीयन की प्रक्रिया समझाई गई। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया कि अधिनियम के तहत वाहन मालिकों द्वारा अपने वाहनों का ऑनलाइन पंजीयन करवाना अनिवार्य है। वाणिज्यिक वाहन चालकों को प्रतिदिन 8 घंटे तथा सप्ताह में 48 घंटे से अधिक वाहन नहीं चलाना होगा। वाहन मालिकों को मोटर ट्रांसपोर्ट कर्मकार अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीयन कराना होगा।

अधिनियम की पालना न करने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 86 के तहत अनुज्ञा पत्र निलंबन/निरस्तीकरण एवं धारा 31 मोटर वाहन वर्कर्स एक्ट 1961 के तहत जुर्माना व सजा का प्रावधान है।

विभाग ने वाहन मालिकों को चेताया कि फिलहाल समझाइश दी जा रही है, परंतु शीघ्र ही सख्त कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

पंजीयन प्रक्रिया-

कोई भी वाहन मालिक ई-मित्र अथवा सीएससी केन्द्र पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ श्रम विभाग पर मोटर वाहन कर्मकार अधिनियम 1961 के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।



# ट्रम्प भारतवंशी नागरिक का सिर काटने वाले पर भड़के: नरमी का समय खत्म

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को भारतीय मूल के चंद्रा नागमलैया की हत्या की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया।

ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि बाइडेन प्रशासन ने इस अपराधी को रिहा कर दिया था और क्यूबा ने उसे वापस लेने से भी इनकार कर दिया था।

दरअसल, टेक्सास के डलास में 10 सितंबर को भारतीय मूल के नागमलैया की हत्या कर दी गई थी। ट्रम्प ने कहा, 'अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी का समय अब खत्म हो गया है, अब सजा दी जाएगी।'

ट्रम्प ने लिखा, 'निश्चिंत रहें, यह अपराधी हमारी हिरासत में है। उसे फर्स्ट डिग्री हत्या (सोची-समझी साजिश) का दोषी ठहराया जाएगा। उसे कड़ी सजा मिलेगी'

ट्रम्प ने अपनी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम, अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी और बॉर्डर जार टॉम होमैन अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने का काम कर रहे हैं।'

10 सितंबर को भारतीय मूल के नागमलैया की अपने सहकर्मी, 37 साल के योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज के साथ टूटी हुई वॉशिंग मशीन को लेकर विवाद हो गया था। नागमल्लैया ने मार्टिनेज को मशीन इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहा।

थोड़ी देर में बहस काफी बढ़ गई, और मार्टिनेज ने चंद्रमौली पर कई बार चाकू से हमला किया। घटना का CCTV फुटेज सामने आया था। इसमें चंद्रमौली पार्किंग लॉट में मदद के लिए चिल्लाते हुए भागे, लेकिन योर्डानिस ने उनका पीछा किया और माचेटे (चौड़ा और भारी ब्लेड वाला चाकू) से हमला किया।

चंद्रमौली की पत्नी और बेटे, जो मोटल के फ्रंट ऑफिस में थे, बाहर आए और रोकने की कोशिश की, लेकिन योर्डानिस ने उन्हें धक्का दे दिया। इसके बाद उसने चंद्रमौली का सिर काट दिया, फिर उसे दो बार लात मारते हुए और बाद में कूड़ेदान में फेंकता दिखा था।

पुलिस ने उसी दिन मार्टिनेज को हिरासत में लिया था। पुलिस ने कोबोस-मार्टिनेज के पास से खून से सनी एक टी-शर्ट, एक चाकू, नागमलैया का फोन और एक की-कार्ड बरामद किया था। उसने हत्या की बात कबूल कर ली थी।

पुलिस ने बताया था कि कोबोस-मार्टिनेज का हिंसक आपराधिक रिकॉर्ड मिला। उसे पहले कैलिफोर्निया में दोषी ठहराया गया था और इससे पहले फ्लोरिडा और ह्यूस्टन में भी गिरफ्तार किया जा चुका था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इसकी पुष्टि हो गई है।

ह्यूस्टन स्थित भारतीय उच्चायोग ने नागमलैया की मौत पर शोक जताया था। दूतावास ने एक्स पर एक बयान में कहा, 'हम परिवार के संपर्क में हैं और हरसंभव सहायता कर रहे हैं। आरोपी डलास पुलिस की हिरासत में है। हम मामले पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।'

# चार्ली किर्क की याद में भावुक हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक माने जाने वाले चार्ली किर्क की बीते दिनों हत्या कर दी गई। इसके बाद से अमेरिका में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसी बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को अपने दिवंगत मित्र और प्रभावशाली रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की याद में उनका रेडियो कार्यक्रम द चार्ली किर्क शो होस्ट किया। 31 वर्षीय चार्ली किर्क की पिछले हफ्ते यूटा वैली यूनिवर्सिटी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वेंस ने यह कार्यक्रम व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग से होस्ट किया, जिसे व्हाइट हाउस के प्रेस रूम में लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम में कई प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जो किर्क को व्यक्तिगत रूप से जानते थे।

# हथियारों की तारीफ की, भारत के खिलाफ संघर्ष में इनका इस्तेमाल हुआ था

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 10 दिन के दौरे पर चीन पहुंचे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को चेंगदू स्थित चीन के एविएशन इंडस्ट्री कॉम्पलेक्स का दौरा किया। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक जरदारी इस जगह का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। इस मौके पर उनके बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी और बेटी असीफा भुट्टो-जरदारी भी मौजूद थे।

जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों से मुलाकात की और चीन निर्मित विमानों की क्षमताओं की सराहना की। इस दौरान जरदारी ने कॉम्पलेक्स में J-10 और JF-17 थंडर विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा उन्होंने पांचवीं पीढ़ी के J-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान के बारे में भी जानकारी ली।

जरदारी ने कहा कि J-10 और JF-17 ने पाकिस्तानी वायु सेना को मजबूत किया है और भारत के खिलाफ ये विमान पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और चीन रक्षा उत्पादन और विमानन में सहयोग का विस्तार करना जारी रखेंगे।

जरदारी ने चीन की हाई-स्पीड ट्रेन का भी अनुभव लिया। वह चेंगदू से मियांयांग तक आधे घंटे की ट्रेन यात्रा पर गए। यात्रा के दौरान उन्होंने चीन की ट्रांसपोर्ट सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने पॉल्यूशन फ्री इलेक्ट्रिक ट्रेन इंजन और भूकंप पूर्व चेतावनी तकनीकों को 'रेलवे इंजीनियरिंग का चमत्कार' बताया।

चीनी अधिकारियों ने जरदारी को बताया कि चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसकी लंबाई 45,000 किलोमीटर से ज्यादा है। यहां ट्रेनें 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं और हर साल दो अरब से ज्यादा यात्रियों को ले जाती हैं। यह नेटवर्क लगभग सभी बड़े चीनी शहरों को जोड़ता है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का चीन दौरा शुक्रवार से शुरू हुआ। पाक विदेश मंत्रालय का कहना है कि जरदारी के दौरे का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। इसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का विकास शामिल है।

अपने इस दौरे में जरदारी चीन के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच खासकर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) पर बातचीत होगी। यह 64 अरब डॉलर का बड़ा बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट है, जो चीन के शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। पाकिस्तान और चीन के रिश्ते 1950 से चले आ रहे हैं, जब दोनों देशों ने राजनयिक संबंध बनाए थे। तभी से दोनों ने अपने संबंधों को 'सदाबहार रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी' का नाम दिया है। इस यात्रा में इस साझेदारी को और आगे बढ़ाने की कोशिश की जाएगी।

# मुझे नहीं लगता जिनपिंग के साथ मंच शेयर करने में मोदी कंफर्टेबल थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक ही मंच पर खड़ा होने में सहज महसूस कर रहे थे, क्योंकि चीन भारत के लिए हमेशा से खतरा रहा है।

सोमवार को एक टीवी इंटरव्यू में नवारो ने कहा- भारत के टैरिफ दुनिया के किसी भी बड़े देश से ज्यादा हैं। साथ ही, भारत में व्यापार करने की कई अन्य रुकावटें भी हैं।

नवारो ने आगे कहा कि भारत अब बातचीत के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने एक अच्छा ट्वीट किया, जिसका जवाब ट्रम्प ने दिया। लेकिन भारत में टैरिफ बहुत ज्यादा हैं और हमें इनसे निपटना होगा।" नवारो ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भारत ने रूस से तेल खरीदा और बहुत मुनाफा कमाया। भारत व्यापार से पैसा कमाता है, फिर उससे रूस का तेल खरीदता है। रूस उस पैसे से हथियार खरीदता है, जिससे हमें यूक्रेन की मदद के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स में सिख महिला से रेप के मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की उम्र करीब 30 साल है। वह फिलहाल पुलिस कस्टडी में है।

पुलिस ने इस वारदात को 'रेसियल्लीमोटिवेटेड रेप' यानी नस्लीय नफरत से जुड़ा अपराध बताया है। आरोपी ने पीड़िता को भारत वापस लौटने की धमकी भी दी थी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है।

# इजराइल के खिलाफ कतर में जुटे 50 मुस्लिम देश ईरान बोला- इस्लामी देश इजराइल से रिश्ता तोड़ें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजराइल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) ने बुलाई है।

इसका मकसद 9 सितंबर को कतर पर हुए इजराइली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था। यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की।

## जनगणना-2027 : राज्य स्तरीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

# डिजिटल स्वरूप में होगी जनगणना, गांव व तहसील स्तर का सटीक डेटा बनेगा योजनाओं का आधार-मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्य में प्रस्तावित जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें राजस्थान राज्य के 19 विभागों के प्रशासनिक सचिवों/वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया मुख्य सचिव ने कहा कि यह बैठक फरवरी 2027 में आयोजित होने वाली जनगणना की प्रारंभिक बैठक है। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि आगामी जनगणना के लिए प्रशासनिक इकाइयों का समय पर गठन सुनिश्चित करें और सभी कार्य केंद्र सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशों के अनुरूप पूरे करें उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में होगी, जिससे तहसील और गाँव स्तर का डेटा सटीक रूप से संकलित होगा। इस डेटा के विश्लेषण से विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। श्री पंत ने कहा कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार सम्बंधित सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनगणना प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रशासनिक इकाई की सीमाओं में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 दिसम्बर 2025 तक ही सीमाओं में बदलाव अनुमत होगा और इसके बाद 1 जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। अतः उन्होंने निर्देशित किया कि सम्बंधित विभागों को 1 दिसंबर 2025 के पूर्व उक्त प्रक्रिया पूर्ण कर लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी है, उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। श्री पंत ने जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मई जून माह में किए जाने के संबंध में निर्णय लेने हेतु नोडल विभाग को निर्देश दिए। उन्होने मई—जून माह में गर्मी की तीव्रता को देखते हुए ओआरएस के साथ प्राथमिक दवाइयों का किट भी जनगणना प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिए जाने के संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश प्रदान किए गए । बैठक में जनगणना-2027 का संक्षिप्त परिचय, कार्य-पद्धति, राज्य सरकार की जिम्मेदारियाँ, समय-सारणी एवं प्री-टेस्ट पर चर्चा की गई। साथ ही, क्षेत्राधिकार परिवर्तनों को अंतिम रूप देने, मकानों का सूचीकरण एवं मकानों की गणना की समयावधि निर्धारण, विभिन्न स्तरों पर समन्वय समितियों के गठन, विभागवार जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा व्यापक प्रचार-प्रसार की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जनगणना कार्य निदेशक, गृह मंत्रालय श्री बिष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि जनगणना की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम, नगर, तहसील और जिला स्तर की सीमाएँ समय रहते स्थिर की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से राजस्व एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा विभिन्न स्तर पर किए जाने वाले प्रशासनिक / क्षेत्राधिकार परिवर्तनों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाना है क्योंकि भारतवर्ष में कुल बनी तहसीलों में राजस्थान का 18 प्रतिशत हिस्सा एवं कुल नए बने गांवों में लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान का है। साथ ही जनगणना 2027 के फ्रेम को स्थिर करने से पूर्व नई इकाइयों का सत्यापन, मानचित्र निर्माण एवं कोड आवंटन किए जाने की प्रक्रिया में भी समय लगता है। उन्होंने बताया कि मई, जून 2026 में जनगणना के पहले चरण में हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस का कार्य किया जाएगा तथा इसके बाद फरवरी 2027 में दूसरे चरण के तहत जनसंख्या गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने जनगणना के कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिया कि रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जनगणना कार्य में नियुक्त कार्मिकों को कार्य पूरा होने तक स्थानान्तरण नहीं किया जाए। उन्होंने विभागों की जिम्मेदारियाँ स्पष्ट करते हुए कहा कि राजस्व विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा सीमाओं के निर्धारण का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार योजना एवं सांख्यिकी विभाग जिला स्तर पर समन्वय का दायित्व निभाएगा तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में राज्य के नोडल अधिकारी (जनगणना) एवं प्रमुख शासन सचिव, आयोजना एवं सांख्यिकी श्री भवानी सिंह देथा ने अवगत कराया कि राज्य में अभी तक जनगणना से सम्बंधित आवश्यक कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किये गए हैं तथा केन्द्र सरकार की समय सारणी के अनुसार जनगणना 2027 निर्धारित समय पर सम्पन्न की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की है कि वे इन तिथियों के अनुरूप अपनी तैयारियाँ समय पर पूरी करेंगे । बैठक में श्रीमती श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग, श्री अश्विनी भगत , अतिरिक्त मुख्य सचिव अल्पसंख्यक विभाग, श्री महेन्द्र सोनी, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, वित्त विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग तथा आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग के उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त शिक्षा, स्वायत्त शासन, पंचायतीराज, सूचना प्रौद्योगिकी, चिकित्सा शिक्षा, सामान्य प्रशासन सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय- मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7877309346, कोटा- कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार